# 14 साल से अधर में मऊ-महिला घाट पुल निर्माण

## देरी की वजह से लागत भी लगभग तीन गुना बढ़ गई

अभिनव राज त्रिपाठी, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** यमुना नदी पर मऊ-महिला घाट को जोड़ने वाला महत्वाकांक्षी पुल दावों और वादों की भेंट चढ़ा है। लगभग चौदह साल होने को आए, कई सरकारें आईं गईं और यह पुल अभी भी अधबना है। देरी की वजह से इसकी लागत भी बढ़ गई पर यह पूरा नहीं हुआ। शिलान्यास के शिलापट को उद्घाटन के शिलापट में रूपांतरित होने में अभी भी पता नहीं कितना समय लगेगा।

मऊ-महिला पुल सरकारी उदासीनता के मकड़जाल में लंबे अरसे तक उलझा रहा। बसपा सरकार में इस पुल की घोषणा हुई थी लेकिन इसके बाद लंबा अरसा बीता, पुल अधूरा पड़ा रहा। वर्ष 2010 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने पुल की स्वीकृति दी थी। वर्ष 2012 में सूबे में सपा सरकार बनने पर पुल राजनीति के भंवर में फंस गया। पर्याप्त बजट ही पुल को नहीं मिला।

भाजपा सरकार में भी देरी होती रही। देरी का परिणाम यह हुआ कि स्वीकृति के समय जो पुल करीब 40 करोड़ रुपये में बनना था, अब उसकी लागत 116 करोड़ रुपये हो गई है। वर्ष 2020 में योगी सरकार ने पुनरीक्षित बजट को स्वीकृति दी और धन जारी किया. जिससे एक बार फिर इसके पूरा होने की उम्मीद जगी। तब से अब तक भी चार साल बीत गए हैं। अब देखना यह है कि पुल कब तक बनकर तैयार होता है।


अधूरा बना पड़ा महिला घाट का पुल। अमृत विचार

### लगभग पांच लाख की आबादी को होगा लाभ

इस पुल से चित्रकूट जिले के मऊ और कौशांबी जिले के महिला व सराय अकिल सहित की लगभग साढ़े पांच लाख की आबादी को सीधा लाभ होगा। इसके साथ ही प्रतापगढ़, फतेहपुर और प्रयागराज आने-जाने के लिए लोगों को सहूलियत भी होगी।

### जून तक बन जाएगा पुलः सहायक अभियंता

सेतु निगम के सहायक अभियंता एसएन पांडेय ने बताया कि पुल की लंबाई 1247.13 मीटर तथा चौड़ाई 7.5 मीटर है। पुल में 42 पिलर हैं। निगरानी सेतु निगम कर रहा है और बनाने की जिम्मेदारी प्राइवेट कंपनी मित्तल ग्रुप की है। मित्तल ग्रुप पुल को 26 मार्च 2021 से बना रहा है। पुल की औसत आयु 50 साल है। पुल को पूरा करने की तय समयसीमा जून 2024 निर्धारित की गई है। बताया कि पुल का काम तय समयसीमा में पूरा हो जाएगा। लगभग 77 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

### क्या बोले लोग



#### ग्रामीणों की मुराद होगी पूरी

पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ मऊ प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी कहते हैं कि मऊ-महिला घाट पर पुल बनने से यमुना पट्टी पर बसे गांवों के ग्रामीणों की मुराद पूरी होगी। इन लोगों को इस पार से उस पार जाने के लिए नाव का ही सहारा है। ऐसे में लोग भगवान का नाम लेकर जान जोखिम में डाल आते जाते हैं। बाढ़ में आवागमन लगभग ठप हो जाता है। इस समस्या का भी समाधान हो जाएगा।



#### पुल सुरक्षित नहीं ध्यान दे विभाग

प्रदेश सचिव मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड समाजवादी पार्टी अजयराज त्रिपाठी ने पुल के ढांचे को लेकर आपत्ति जताई। उनका कहना है कि पुल पर न तो पैदल चलने वालों के लिए पटरी बनाई गई है और न पुल की रेलिंग ज्यादा ऊंची बनाई गई है। ऐसी स्थिति में पैदल चलने वालों के लिए पुल सुरक्षित नहीं है। इस स्थिति पर कार्यदायी संस्था और विभाग को विचार करना होगा।



#### बातों के पुल बनाती है भाजपा

समाजवादी पार्टी की राज्य कार्यकारिणी सदस्य अनुज यादव ने पुल के निर्माण में देरी के लिए सरकार को दोषी ठहराया। कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ बातों के पुल बनाने में महारथी है। महिला पुल का काम सपा शासन में चालू हुआ था। भाजपा सरकार के आठ साल पूरे हो रहे हैं लेकिन एक पुल नहीं चालू करा पाए। इनके सारे पुल हवा में चालू हो चुके हैं।



#### कुछ लोग नहीं चाहते, पुल बने

मऊ-मानिकपुर से पूर्व विधायक और भाजपा नेता आनंद शुक्ला कहते हैं कि उन्होंने ही इसका नया बजट स्वीकृत कराया था। बताया कि उनके कार्यकाल में काफी धन भी आ गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग निजी स्वार्थ की वजह से नहीं चाहते कि पुल बने, जिससे नाव से बालू आती रहे। जनप्रतिनिधियों की सक्रियता की वजह से ही काम होते हैं।

# अलग-अलग मामलों में 14 आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 10 वारंटी और चार वांछित आरोपियों को पकड़ा। राजापुर थाने के एसआई इमरान खां ने आबकारी अधिनियम के वारंटी अतहर सोनकर उर्फ राममिलन निवासी लूपलाइन चौराहा, कोतवाली के एसआई अजहर जमाल ने वारंटी सूरजभान निवासी भैसोंधा, एसआई राहुल पांडेय ने वारंटी भगवती प्रसाद गुप्ता निवासी एसडीएम कॉलोनी, शंकर प्रजापति और सुधीर यादव निवासीगण अहिरनपुरवा, एसआई अशोक सिंह ने वारंटी अजय पटेल निवासी सोनेपुर, एसआई अनिल कुमार गुप्ता ने वारंटी गुड्डू गुप्ता निवासी बस स्टैंड, एसआई रमेश सिंह ने वारंटी बुद्धविलास निवासी रानीपुर खाकी, एसआई अंशुल कुमार ने वांछित अर्पित श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव निवासीगण सैनिक नगर, सरधुआ थाने के एसआई मुन्नीलाल ने वारंटी सुरेंद्र सिंह निवासी सुरवल, शैलेंद्र निवासी भदेहदू, एसआई राजेश राय ने वारंटी बउराइन निवासी सुरसेन, एसआई दिनेश कुमार पांडेय ने वारंटी पप्पू निवासी भौंरी, पहाड़ी थाने के एसआई विपिन कुमार मिश्रा ने वारंटी कमलाशंकर निवासी पहाड़ी को गिरफ्तार किया।


पाल धर्मशाला में हुई बैठक में शामिल समाज के लोग। अमृत विचार

# विनय बने सह सचिव और मीडिया प्रभारी

संवाददाता,सीतापुर, चित्रकूट

- पाल धर्मशाला समिति की बैठक में की गई नई कार्यकारिणी की घोषणा

**अमृत विचार।** रामघाट स्थित पाल धर्मशाला में रविवार को बैठक हुई। इसमें जिले के अलावा बांदा, हमीरपुर, महोबा, जालौन और छतरपुर आदि जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए। आम सभा के बाद कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। इसमें विनय कुमार पाल एडवोकेट को सह सचिव और मीडिया प्रभारी पदों की जिम्मेदारी दी गई। समाजसेवियों ने दान स्वरूप धन भी दिया। राजनीतिक चर्चा भी की गई। इस दौरान धर्मदास पाल, रामेश्वर पाल, जगमोहन, मान सिंह, उमाशंकर, मुन्ना पाल, जमुना प्रसाद, संत पाल एडवोकेट, राजेंद्र पाल एडवोकेट, कुबेर पाल, गया प्रसाद पाल, शिवनरेश पाल, बी पाल आदि मौजूद रहे। धर्मशाला की कार्यकारिणी का अध्यक्ष राकेश पाल छतरपुर को चुना गया। सचिव शिवराम सिंह पाल जालौन, कोषाध्यक्ष रामसरन दास, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पाल हमीरपुर को चुना गया। बाला प्रसाद और आनंद पाल को भी जिम्मेदारियां दी गईं।

# बालिकाओं के लिए वाहन शुल्क आधा किया

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

- सुरेंद्रपाल ग्रामोदय विद्यालय ने उठाया सराहनीय कदम

**अमृत विचार।** दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित सुरेंद्रपाल ग्रामोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उल्लेखनीय पहल की है। डीआरआई के राष्ट्रीय सचिव अभय महाजन ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए संस्थान ने यह निर्णय किया है कि वाहन शुल्क में 50 फीसदी की छूट दी जाएगी। यह व्यवस्था आगामी सत्र से लागू भी हो जाएगी।

विद्यालय के मेधावी छात्र सम्मान समारोह में वार्षिक गृह परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने बच्चों को पुरस्कार देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ. रामनारायण त्रिपाठी ने भी प्रेरक प्रसंगों से बच्चों को प्रेरित किया। छात्र/छात्राओं को कक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने व अनुशासित छात्र के रूप में अपना नाम दर्ज करने, कक्षा में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने के लिए पुरस्कृत किया गया। लगभग 17 प्रतियोगिताओं के 400 से अधिक प्रतिभागी विजेता बालक बालिकाओं को भी पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अशोक दीक्षित ने किया। इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक मदन तिवारी ने विद्यालय का संक्षेप में परीक्षाफल बताया। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव डॉ. अशोक पांडेय, अंशुमान पाठक, जितेंद्र श्रीवास्तव, भुवनेश मिश्रा, रामवीर सक्सेना, शिवशंकर पांडेय के अलावा विद्यार्थी व अभिभावक मौजूद रहे।


कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि। अमृत विचार


बच्चों को संबोधित करते अभय महाजन। अमृत विचार

# दुकान से टकराया ओवरलोड ट्रक

**सरीला(हमीरपुर)।** जलालपुर बस स्टैंड पर ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर दुकान से टकरा गया। बड़ा हादसा होते होते बचा है। दुकान के अंदर दुकानदार व परिजन सो रहे थे।

शुक्रवार की देर रात जलालपुर बस स्टैंड के पास से गुजर रहा ओवर लोड ट्रक अनियंत्रित होकर बस स्टैंड पर रखी दुकान पर टकरा गया। दुकानदार मोहम्मद अली सहित अन्य परिजन दुकान के अंदर सो रहे थे। ट्रक बालू से ओवर लोड था। अनियंत्रित होकर दुकान के पास आकर पलटने से दुकान में सो रहे दुकानदार बाल बाल बच गए हैं। फिलहाल किसी भी तरह की कोई हानि नही हुई है। पुलिस के अनुसार जेसीबी व हाइड्रा मशीन से निकलवा दिया गया है। किसी भी प्रकार की कोई जन-धन हानि नहीं हुई है।

# रेरुआ में मनरेगा के काम में लाखों के घोटाले का लगाया आरोप

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

- अधिकारियों को पत्र लिखकर जांच कराने की उठाई मांग

**अमृत विचार।** विकास खंड रामनगर में मनरेगा के काम के नाम पर फर्जी भुगतान कराने का आरोप लग रहा है। ग्रामीण ने इस संबंध में उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर जांच कराने की मांग की है। उधर, बीडीओ का कहना है कि टीम गठित कर पड़ताल की जाएगी। बताया कि एक अन्य मामले में अनियमितता पाए जाने पर रेरुवा गांव के वित्तीय खाते में रोक लगा दी गई है।

रेरुवा गांव निवासी शिव संपत सहाय ने इस संबंध में खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है। इसकी प्रतिलिपियां जिलाधिकारी, सीडीओ व उपायुक्त श्रम रोजगार को भी भेजी गई हैं। उसने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत रेरूवा में समतलीकरण और मिट्टी के कार्य सहित पंचायत भवन निर्माण और मनरेगा कार्ड में कूटरचित अभिलेखों की मदद से बाहरी व्यक्ति व गांव के एक ही परिवार के लोगों सहित नाबालिगों तक के कई कई जॉबकार्ड बनाकर समतलीकरण व मेड़बंदी के नाम पर लाखों रुपये के सरकारी धन का फर्जी भुगतान किया गया है। यह भी कहा गया है कि जिन खेतों में फसल खड़ी है उन खेतों पर मेड़बंदी कराने की बात कही गई है। ग्रामीण ने यह आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत में बिना किसी कार्य के लाखों रुपये विभिन्न मदों के नाम पर निकाल कर गबन कर लिया है। उसने जांच कराने की मांग की है। मामले में खंड विकास अधिकारी रामनगर शैलेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है।

रविवार होने की वजह से सोमवार को इस मामले में टीम गठित कर जांच करने के निर्देश जारी कर दिए जाएंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि रेरूवा ग्राम पंचायत में एक जांच पड़ताल पर लापरवाही बरतने का मामला पाया गया था, जिसके कारण ग्राम पंचायत के वित्तीय खाते में रोक लगा दी गई है।



# दूसरे समुदाय की युवती को ले उड़ा, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता,सरीला(हमीरपुर)

- परिवार को नींद की गोलियां खिलाने का भी आरोप

**अमृत विचार।** जरिया थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा निवासी पीड़ित व्यक्ति ने दूसरे समुदाय के युवक पर पुत्री को धमकी एवं बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुत्री की जान को खतरा बताते हुए मुकदमा दर्ज कर पुत्री को बरामद करने की गुहार लगाई है।

कस्बा निवासी व्यक्ति ने जरिया थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसकी पुत्री को शनिवार रात में गांव का ही दूसरे समुदाय का युवक धमकी देने के साथ ही बहला फुसलाकर भगा ले गया है। इतना ही नहीं युवक ने पुत्री को नींद की गोली उपलब्ध कराकर पूरे परिवार को खिलवा दीं थीं। जिससे पूरा परिवार गहरी नींद में सोता रहा और वह पुत्री को भगा कर ले गया है। वह मोबाइल घर पर ही छोड़ गए हैं। जिसमें नींद की गोली खिलाने की रिकार्डिंग है। उसने पुत्री का धर्म परिवर्तन कराने की आशंका व्यक्त करते हुए मुकदमा दर्ज कर पुत्री का पता लगाने की मांग की है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी जरिया प्रिंस दीक्षित का कहना है कि आरोपी पड़ोसी है। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ऑडियो वायरल होने से चर्चा में पुलिसकर्मी

**चित्रकूट**। जिले के एक थाने के एसआई का आडियो वायरल होने से चर्चा में है। इसमें यह एक युवक की भाभी के संबंध में अश्लील बातें कर रहा है (हालांकि 'अमृत विचार' इसकी पुष्टि नहीं करता)।

जानकारी के मुताबिक एक गांव में पिता-पुत्र के बीच विवाद के बाद पुलिस द्वारा चालान की बात कही गई। मामला आरोपी दरोगा के पास पहुंचा तो उसने दोनों पक्षों से एक-एक हजार रुपये की मांग की। आरोप है कि इसके बाद उसने युवक की भाभी के संबंध में अश्लील बातें कहीं। बातचीत का आडियो वायरल हुआ तो अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया है। कुछ समय पहले इस दरोगा पर थाने में महिलाओं के सामने अभद्र गालीगलौज करने का वीडियो वायरल होने की बात भी कही जा रही है।

# युवाओं ने की सफाई, श्रद्धालुओं को किया जागरूक

संवाददाता,कार्यालय चित्रकूट

- कामदगिरि स्वच्छता समिति का परिक्रमा पथ पर नियमित सफाई अभियान जारी
- कामतानाथ परिक्रमा मार्ग स्थित तुलसी चौराहा से तृतीय मुखारविंद तक सफाई की

**अमृत विचार।** तीर्थ क्षेत्र में परिक्रमा पथ पर कामदगिरि स्वच्छता समिति का नियमित सफाई अभियान इस रविवार भी जारी रहा। समिति के युवाओं ने सफाई के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया।

अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने बताया कि अभियान के तहत इस बार कामतानाथ परिक्रमा मार्ग स्थित तुलसी चौराहा से तृतीय मुखारविंद तक सफाई की गई। संतोष जताया कि जैसे पहले पर्वत की ओर कचरा बहुत हुआ करता था अब उतना नहीं है। यहां के लोगों का भी सहयोग मिला है। पर आगे भी इसी तरह जागरूक रहने की आवश्यकता है। अपील की कि सभी स्वच्छता बनाए रखें। अभियान में जितेंद्र केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, जानकी कुशवाहा, अंकुर केशरवानी, मनोज कुशवाहा, हनुमान दास सिंह, विनोद कुमार व नगर पालिकाकर्मियों का सहयोग रहा।



परिक्रमा पथ पर सफाई करते युवा। अमृत विचार

# श्रद्धालुओं को समझाया भागवत कथा का महत्व

संवाददाता,कार्यालय चित्रकूट

**अमृत विचार।** अग्रहरि धर्मशाला में हो रही श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य प्रदीप कृष्ण ने कथा का महात्म्य समझाया। उन्होंने कहा कि जीव के भगवान की शरण में आने से मायारूपी जंजाल छूट जाता है।

कथा के बीच कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। बताया कि वासुदेव और देवकी के गर्भ से भगवान ने चतुर्भुज रूप धारण करके अवतरित हुए। भगवान जैसे ही अवतरित हुए तो वासुदेव-देवकी की बेड़ियां, हथकड़ी सब खुल गईं। जीव जब तक भगवान से दूर भागता है तब तक माया रूपी हथकड़ी उसके शरीर में पड़ी रहती है और जैसे ही भगवान के शरण में आया तो उसका मायारूपी जंजाल तुरंत खुल जाता है। कथा वाचक ने बताया कि वासुदेव और देवकी नाम जीव का है और हथकड़ी, बेडियां माया हैं। कृष्ण नाम परमात्मा का है। जीव जैसे परमात्मा की ओर समर्पित हुआ परमात्मा उसके सारे कष्टों को दूर कर देते हैं। श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से ही प्राणी भवसागर पार हो जाता है।

बंधी उम्मीद — दोनों नदियों पर निर्माणाधीन पुलों का 80 फीसद काम पूरा, शासन ने निर्माण कार्य तेज करने का आदेश दिया

# यमुना और बेतवा नदी पुल दिलाएगा जाम से निजात

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- सजेती के रामपुर से हमीरपुर के राठ रोड तक नया मार्ग

**अमृत विचार।** कानपुर- हमीरपुर हाईवे पर यमुना नदी पुल पर लगने वाले जाम से से निजात साल के नए में मिल जाएगी, क्योंकि यमुना और बेतवा नदी पर सेतु निगम हमीरपुर इकाई की ओर से बनाये जा रहे पुल बनकर तैयार हो जाएंगे। ये पुल हमीरपुर बाईपास के लिए बन रहे हैं। इनके बन जाने के बाद सजेती के रामपुर से हमीरपुर के लिए नया मार्ग मिल जाएगा। यह मार्ग राठ रोड में मिलेगा। इसके बाद तो जाम की समस्या का समाधान हो जाएगा। साथ ही अभी जाम में एंबुलेंस के फंसने की वजह से होने वाली मौतों पर भी लगाम लग जाएगा।

जाम व दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हमीरपुर शहर के दूसरे छोर पर बाईपास बनाए जाने की स्वीकृति शासन ने वर्ष 2019-20 में दी थी। 302 करोड़ की लागत से यमुना, बेतवा नदियों सहित रोहाइन नाला पर समानांतर पुलों का निर्माण कार्यदायी संस्था सेतु निर्माण निगम द्वारा किया जा रहा है। इन पुलों के नीचे व एप्रोच मार्ग पर मिट्टी भराई कार्य लोक निर्माण विभाग को कराना है। शासन ने इस कार्य को तेजी से करने के लिए कहा है ताकि निर्धारित अवधि तक निर्माण का कार्य पूरा हो जाए। हालांकि 1.3 किमी मिट्टी भराई का कार्य कराने में खनन विभाग सबसे बड़ी बाधा बना जिसने मिट्टी पुराई के लिए अनुमति देने में काफी देर की।

शासन ने कार्यदायी संस्था सेतु निगम को 302 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की थीं। पिछले कई साल से चल रहे निर्माण का 80 फीसदी कार्य पूरा हो गया है। कार्यदायी संस्था को मार्च 2025 तक पुल तैयार करना है लेकिन जिस गति से काम हो रहा है उससे उम्मीद है कि पहले ही निर्माण पूरे हो जाएंगे। इसके बाद कानपुर से हमीरपुर आना जाना आसान हो जाएगा। अभी तो लगने वाला जाम आठ से 10 घंटे तक लोगों को परेशान करता है। जून 2016 में ओवरलोड ट्रकों के कारण यमुना पुल दरकने से एक माह तक कानपुर व लखनऊ का हमीरपुर से संपर्क टूट गया था। तत्कालीन डीएम संध्या तिवारी ने नए पुल बनाए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार कराया था। वर्ष 2017 में बेतवा, यमुना, रोहाइन नाला बाईपास परियोजना को हरी झंडी शासन से मिली थी। परियोजना के तहत जनपद कानपुर के सजेती स्थित रामपुर तिराहा के पास से यमुना व बेतवा नदी पर फोरलेन पुल बनाए जा रहे हैं। इसे सिटी फॉरेस्ट होते हुए बेतवा नदी पार कुछेछा कुछेछा गांव के पास एनएच-34 के किमी 67 से जोड़ा जा रहा है। दोनों नदियों में कुल 62 कोठियां बननी हैं। जिसमें बेतवा में 28 व यमुना में 34 कोठियां बनाई जानी हैं।


कानपुर-हमीरपुर हाईवे पर यमुना नदी पर बन रहा पुल। अमृत विचार

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे लाखों रुपये

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक ने प्रतापगढ़ जिला निवासी एक व्यक्ति पर नौकरी दिलाने के नाम पर लगभग सात लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है। उसने इस संबंध में बहिलपुरवा थाने में तहरीर दी है। एसओ बहिलपुरवा राम सिंह ने मामले की जानकारी से इंकार किया है।

बहिलपुरवा थानांतर्गत सपहा मजरा रुखमा बुजुर्ग निवासी संदीप पटेल पुत्र मिथलेश प्रसाद ने बताया कि प्रतापगढ़ जिले के एक गांव निवासी व्यक्ति लगभग दो साल पहले उसके संपर्क में आया था। उसने उसको उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड में नौकरी दिलाने का झांसा दिया और सात लाख रुपये की मांग की। इस पर उसने अपने बैंक आफ इंडिया के खाते से आरोपी के दो यूपीआई नंबरों पर कुल छह लाख 89 हजार रुपये भुगतान कर दिए। जब उसकी नौकरी नहीं लगी तो उसने आरोपी से रुपये वापस मांगे। पहले तो वह टालमटोल करता रहा और बाद में गालीगलौज और मारपीट पर आमादा हो गया। उसने बताया कि जब उसने बहिलपुरवा थाने में तहरीर दी तो यह कहकर रिपोर्ट दर्ज करने से मना किया गया तो एसपी के आदेश के बिना रिपोर्ट नहीं दर्ज होगी। उधर, जब इस संबंध में बहिलपुरवा थाने बात की गई तो एसओ ने मामले की जानकारी से इंकार किया। कहा कि हो सकता है कि किसी एसआई के पास यह मामला हो। बताया कि एसपी का आदेश है कि धोखाधड़ी के मामले में जांच के बाद ही रिपोर्ट दर्ज की जाए। मामला संज्ञान में आया है तो जांच की जाएगी।

# समिति का चुनाव तीन अप्रैल को

**मऊ (चित्रकूट)।** त्रिभुवन शिशु शिक्षा समिति लालता रोड का चुनाव तीन अप्रैल को क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्टर फार्म सोसाइटी एवं चिट्स झोकन बाग झांसी में होगा। यह जानकारी दयाशंकर द्विवेदी ने दी। उन्होंने सभी संबंधितों से समय पर पहुंचने का अनुरोध किया है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# उड़नदस्ता टीम ने कार से बरामद किए 28 लाख रुपये

## लोकसभा चुनाव में इस्तेमाल किए जाने की है आशंका

कार्यालय संवाददाता बांदा




- कार चालक अफसरों को नहीं दिखा पाया रुपयों का साक्ष्य

**अमृत विचार**। निर्वाचन की उड़नदस्ता टीम ने एक टाटा सफारी गाड़ी से 28 लाख रुपये की नकदी बरामद की है। इनकम टैक्स विभाग के अधिकारी जांच पड़ताल में जुटे रहे। साक्ष्य न मिलने पर रकम को कोषागार के डबल लॉक में रखवा दिया गया है। संदेह है कि यह रकम चुनाव में खर्च करने के लिए आ रही थी।

नरैनी विधान सभा के उड़नदस्ता-सात के कार्यकारी मजिस्ट्रेट प्रहलाद सिंह शनिवार को नरैनी के बिसंडा दतौरा मोड़ पर चेकिंग कर रहे थे। बिसंडा की ओर से आ रही टाटा सफारी गाड़ी को रोककर चेक किया तो उसमें 28 लाख रुपये की नकदी मिली। कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने इसकी जानकारी इनकम टैक्स अधिकारियों को दी।

मौके पर पहुंचे इनकम टैक्स अधिकारी रजनीश द्विवेदी व इनकम टैक्स इंस्पेक्टर हरिश्चंद्र ने जांच की लेकिन रुपयों के मालिक बृजेश कुमार द्विवेदी उन्हें संतुष्ट नहीं कर सके ओर न ही पैसे के संबंध में कोई साक्ष्य दे सके। लिहाजा इनकम टैक्स अधिकारियों की हरी झंडी के बाद इस नकदी को कोषागार के डबल लॉक में रखवा दिया गया। इस मौके पर एसआई वीरेंद्र कुमार, कांस्टेबल नितिन, मुकेश, नेहा जायसवाल आदि मौजूद रहे। उधर, कोषाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि पैसे की जांच की जा रही है। दावेदार साक्ष्य उपलब्ध कराता है तो पैसा रिलीज भी हो सकता है। एडीएम राजेश कुमार का कहना है कि संदेह है कि यह रकम लोक सभा चुनाव में खर्च करने के लिए आ रही थी।

## बुजुर्ग समेत दो को डंडों से पीटा

**बांदा**। गाली गलौज का विरोध करने पर युवक ने बुजुर्ग को डंडों से पीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर आस-पास के लोग दौड़ पड़े तो आरोपी मौके से फरार हो गया। एक अन्य घटना में दबंगों ने युवक को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया।

बबेरू कोतवाली क्षेत्र के कुचेदू गांव निवासी माता बदल (75) शनिवार की शाम अपने घर के बाहर बैठा था। तभी पड़ोसी युवक आया और गाली गलौज करने लगा। माता बदल ने इसका विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। युवक ने बुजुर्ग को डंडो से पीट कर घायल कर दिया। एक अन्य घटना में शहर के जरैली कोठी निवासी शिवम (25) पुत्र फूलचंद को रंजिश के चलते दबंगों ने पीट कर घायल कर दिया। शोर गुल सुनकर आस पास के लोग दौड़ पड़े। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# पुलिस चौकी के अंदर बसपा नेता और गुर्गों ने व्यापारी को पीटा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- उधारी के पैसे मांगने पर दौड़ा-दौड़ा कर मारपीट का करने का आरोप
- मारपीट के दौरान सोने की चेन और नकदी भी लूटी, पीड़ित ने कोतवाली में दी तहरीर

**अमृत विचार**। लोगों के लिये अब जिले की पुलिस चौकी भी सुरक्षित नहीं बची हैं। मारपीट से बचने के लिए चौकी के अंदर घुसे व्यापारी के साथ बसपा नेता और उसके गुर्गों ने खुलेआम मारपीट कर दी। बसपा नेता के ऊपर सोने की चेन और रुपये छीनने के आरोप भी लगे हैं। व्यापारी बसपा नेता से उधारी के रुपये मांगने गया था। इस पर बसपा नेता ने व्यापारी को सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। पीड़ित ने नगर कोतवाली में शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

अतर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुमा गांव निवासी आयुष पुत्र भोलानाथ ने नगर कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह बैनर पोस्टर का व्यापार करता है। बीते विधानसभा चुनाव में सदर विधानसभा से बसपा के अधिकृत प्रत्याशी ने पीड़ित से लगभग तीन लाख रुपये के बैनर बनवाए थे। जिस पर आरोपी द्वारा चेक दिए गए। चेक बाउंस होने पर आरोपी ने नकद रुपये देने की बात कही, जिसके बाद बीते 30 मार्च की रात लगभग 10 बजे वह बांदा से अतर्रा जा रहा था, तभी चुंगी चौकी के पास आरोपी खड़ा मिल गया। इस पर पीड़ित ने आरोपी से अपने उधार रुपयों की मांग की। जिसके बाद आरोपी पीड़ित के साथ गाली गलौज करने लगा। पीड़ित द्वारा गाली देने से मना करने पर आरोपी ने अपने अज्ञात 10-12 साथियों को फोन करके बुला लिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इसी दौरान आरोपियों द्वारा गले में पड़ी सोने की चेन और जेब में पड़े लगभग 1600 रुपये लूट लिए गए। पीड़ित द्वारा किसी तरह अपने आप को छुड़ाकर पास में स्थित पुलिस चौकी में घुस गया, तो आरोपियों ने चौकी के अंदर ही पीड़ित के साथ मारपीट शुरू कर दी। वहां मौजूद गार्ड ने किसी तरह पीड़ित को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया, तब पीड़ित ने भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने नगर कोतवाली में लिखित सूचना देकर आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## अबीर और गुलाल उड़ाकर मनाई होली

**बांदा**। महिला हार्पर क्लब की महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रमों और मौजमस्ती के बीच होली का जश्न मनाया। एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी ।

हार्पर क्लब ओल्ड के तत्वावधान में रविवार को होली मिलन समारोह मनाया गया। जिसमें सभी सदस्यों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में लकी और फनी गेम नाच गाने के साथ सभी ने हर्ष के साथ पर्व मनाया। राधाकृष्ण की बरसाने वाली लठमार होली का आयोजन किया गया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा पहनकर कार्यक्रम में भागीदारी की। क्लब की आशा सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए। क्लब सचिव संतोष ओमर ने नई और पुरानी सदस्यों का अभिनंदन किया। वरिष्ठ चिकित्सक डा.शबाना रफीक, सुधा सिंह, सुधा गुप्ता, नूतन गुप्ता, नेहा अग्रवाल, नूपुर आदि रहीं।

# जरूरत का सामान पाकर खिले गरीबों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता बांदा


जरूरमंदों को कपड़े बांटते रोटी बैंक सोसाइटी के स्वयं सेवक। अमृत विचार

- ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताकर दी कानूनी जानकारी

**अमृत विचार**। बेसहारा और फुटपाथों पर जिंदगी बसर करने वालों को रोजाना रोटी मुहैया कराने का बीड़ा उठाने वाली रोटी बैंक सोसाइटी पदाधिकारियों व सदस्यों ने सदर तहसील क्षेत्र के गंछा गांव पहुंचकर ग्रामीणों को कपड़ों के साथ जूते-चप्पल और बच्चों को पाठ्य सामग्री की सौगात दी।

रोटी बैंक सोसाइटी समाज सेवा करके ग्रामीणों की लगातार मदद कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को समाजसेवी शेख सादी जमां के संरक्षण और रोटी बैंक सोसाइटी राष्ट्रीय अध्यक्ष रिजवान अली की अध्यक्षता तथा रोटी बैंक कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम के नेतृत्व में ग्राम प्रधान संजय त्रिपाठी के सहयोग से सदर तहसील क्षेत्र के गंछा गांव में ग्रामीणों को कपड़ों, जूते, चप्पल और बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। महिला संगठन मंत्री प्रीति शिवहरे ने ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताते हुए लोकसभा चुनाव में सभी से वोट डालने का आह्वान किया। समाजसेवी सुनील सक्सेना ने केंद्र और प्रदेश सरकारों द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं समेत अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार महिलाओं की दिशा और दशा सुधारने के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। महिलाओं से योजनाओं का लाभ उठाने को कहा। जरूरत का सामान पाकर ग्रामीणों और बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर मोहम्मद सलीम, शाहान अली, अलीमुददीन, ममता देवी समेत तमाम स्वयंसेवक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## श्रीमाली समाज ने दी होली की शुभकामनाएं

**बांदा**। श्रीमाली महासभा की ओर से आयोजित किए गए होली मिलन समारोह में समाज के लोगों ने प्रतिभाग किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं।

होली मिलन समारोह का आयोजन अमित श्रीमाली की बगिया में रविवार को किया गया। समारोह में श्रीमाली समाज के कई कद्दावर पदाधिकारी भी शामिल हुए। होली मिलन समारोह में जमकर अबीर और गुलाल उड़ा, फूलों की होली के साथ फागों के धूम रही। सभी एक दूसरे के गले मिल कर होली पर्व की बधाई दी। होली मिलन समारोह के बाद श्रीमाली महासभा की जिला कार्यकारिणी की बैठक चुन्नू राम सैना की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कैलाशनाथ श्रीमाली, देवकुमार माली, रामकिशोर, विद्यासागर, सुरेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं को मिले अंक पत्र

कार्यालय संवाददाता बांदा

**अमृत विचारः** वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद स्कूलों में मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड और अंक पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य समेत कालेज स्टाफ ने मेधावी छात्र छात्राओं की पीठ थपथपाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

शिक्षा क्षेत्र में अपना स्थान रखने वाले विद्यालय श्रीकृष्ण आइडियल हायर सेकेंडरी स्कूल में गृह परीक्षा में अच्छे अंक पाने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों को समाजसेवी अमित सेठ भेलू ने परीक्षाफल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक सौरभ यादव समेत विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं समस्त स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित रहे।


मेधावी बच्चों को पुरस्कृत करते समाजसेवी। अमृत विचार

उधर, बदौसा कस्बा स्थित दीनानाथ पांडेय शिक्षा निकेतन में वार्षिक परीक्षा के बाद छात्र-छात्राओं को अंक पत्र प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य ने उत्कृष्ट स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। विद्यालय परिसर में सुबह से बच्चे अपने अभिभावकों के साथ अंक पत्र लेने के लिए पहुंच गए थे। अंक पत्र मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल गए। प्रधानाध्यापक सुशील कुमार विश्वकर्मा ने छात्र नमन द्विवेदी कक्षा 7, अर्पणा पांडेय, आस्कीन खान, विनायक मिश्रा, सार्थक श्रीवास्तव यूकेजी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की बधाई दी। इस दौरान सोनू त्रिपाठी, मोहिनी मिश्रा, प्रिया, प्रज्ञा दुबे, जितेंद्र, विनोद, शिवम गुप्ता, रोहित आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## पति समेत पांच पर रिपोर्ट दर्ज

**बांदा**। बिसंडा थाने के हस्तम गांव निवासी रामखेलावन प्रजापति की पुत्री मैना देवी ने बिसंडा थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 4 मई 2022 को हिंदू रीति रिवाज के साथ बलराम पुत्र सुरेश प्रजापति निवासी सिरसी खुर्द थाना खन्ना जिला महोबा के साथ हुई थी। उसके पिता ने अपनी हैसियत के हिसाब से दान-दहेज दिया था। मैना देवी ने पुलिस को बताया कि ससुरालीजन दहेज कम मिलने पर उदसे मारते पीटते थे। पति समेत सभी ससुरालीजनों ने उसे घर से बाहर निकाल दिया है। 7 मार्च को ससुराल पक्ष वालों के साथ पुलिस की मध्यस्थता से समझौता भी हुआ था, लेकिन इसके बाद भी वह अपने मायके ग्राम हस्तम में रह रही है और ससुराल वाले घर में रखने के लिए तैयार नहीं है। इसके साथ ही फोन पर गाली-गलौज भी की जा रही है। उसके कागजात भी नहीं दे रहे हैं। पुलिस ने पति बलराम पुत्र सुरेश प्रजापति के साथ ही ससुरल सुरेश प्रजापति, सास संतोषी और बृजेश, कृष्णकुमार के खिलाफ धारा 498-ए, 323, 504, 506 समत दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।


अलशिफा को मिठाई खिलाते कबड्डी कोच व अन्य। अमृत विचार

# कबड्डी : यूपी की टीम में भागीदारी करेंगी अलशिफा

कार्यालय संवाददाता बांदा

- होनहार खिलाड़ी का यूपी टीम में चयन होने से सभी में हर्ष

**अमृत विचारः** जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कमल किशोर यादव ने बताया कि अलशिफा मंसूरी का 33वीं सब जूनियर बालिका राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम में चयन हुआ है। यह चैंपियनशिप 31 मार्च से 3 अप्रैल तक पाटिलपुर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स कंकड़बाग पटना बिहार में आयोजित होगी।

अलशिफा मंसूरी पटना बिहार में यूपी की टीम में खेलेगी और जिले सहित परिवार और अपने कोच का नाम रोशन करेंगी। बांदा की यह बेटी कबड्डी में शानदार खेल दिखाकर इस मुकाम तक पहुंची है। अलशिफा के पिता एक छोटी की दुकान चलाकर भरण पोषण करते हैं। इसके बावजूद अलशिफा अपनी मेहनत और लगन से कबड्डी में कई बार नेशनल स्तर तक पहुंचकर परचम लहरा चुकी हैं। अलशिफा की इस शानदार कामयाबी की खुशी में श्री यादव ने स्टेडियम में सभी खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया और खुशी जाहिर की।

इस मौके पर शिव कुमार गुप्ता, गजराज सिंह, राजेश शुक्ला, ज्ञानचंद्र शुक्ला, बच्चा तिवारी, इंद्रवीर सिंह, मोइन अहमद, नितिन द्विवेदी, अशीष यादव, पप्पू, लल्लू शिवहरे आदि मौजूद रहे।

## बिजली गिरने से किसान की मौत

**बांदा**। खेत में खड़ी चने की फसल काटते समय बारिश के दौरान बिजली गिरने से किसान की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

छतरपुर जिला के चुआखेर निवासी कृष्णकांत (20) पुत्र रंजीत यादव रविवार की सुबह अपने दो अन्य भाइयो के साथ खेत में खड़ी चने की फसल काट रहा था। अचानक बारिश शुरू होने पर भीगने से बचने के लिए दोनो भाई स्कूल में छिप गए। कृष्णकांत भी छुपने जा रहा था। तभी तेज आवाज के साथ बिजली गिर पड़ी, जिसमें कृष्णकांत झुलस गया। बारिश बंद होने के बाद खेत पहुंचे भाइयों ने देखा कि वह बेहोश पड़ा है। परिजन तत्काल उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां उपचार से पहले ही उसने दम तोड़ दिया।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के बड़े भाई नवल यादव ने बताया कि कृष्णकांत अहमदाबाद में काम करता था। वह 15 मार्च को होली मनाने गांव आया था।

# सपा में नियुक्त किए गए आधा दर्जन पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता बांदा

- नवनियुक्त पदाधिकारियों से चुनाव में जुटने का किया गया आह्वान

**अमृत विचार**। लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी संगठन को और मजबूत करने की कवायदों में जुटी है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुमति व प्रदेशाध्यक्ष की संस्तुति के बाद जिलाध्यक्ष ने जिला कार्यकारिणी में छह नए पदाधिकारी नामित किए हैं।

बांदा-चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र में भाजपा और सपा ने प्रत्याशी घोषित करने में बाजी मार ली। जबकि बसपा अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं कर पाई है। लोकसभा चुनाव को लेकर सपा अपना कुनबा बढ़ाने में जुटी है। इसी क्रम में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम की संस्तुति के बाद जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा ने जिला कार्यकारिणी में अचिन खरे व उमेश यादव को जिला उपाध्यक्ष और आलोक यादव, विजय गुप्ता, शाहिद अली तथा चंद्रकांत यादव को जिला सचिव नामित किया है।

जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से लोकसभा चुनाव के लिए घोषित प्रत्याशी के समर्थन में संपर्क अभियान तेज करने के निर्देश दिए हैं।

### सपा से भरतलाल का निष्कासन हुआ रद

**बांदा**। समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति के बाद प्रदेशाध्यक्ष ने वरिष्ठ सपा नेता के निष्कासन आदेश को रद कर दिया। हिदायत दी है कि भविष्य में अनुशासन में रहकर पार्टी हित में काम करेंगे ओर लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को जिताएंगे। समाजवादी पार्टी से निष्कासित किए गए भरतलाल दिवाकर को पार्टी ने एक बार फिर मौका दिया है। सपा प्रदेशाध्यक्ष नरेश उत्तम ने उनका निष्कासन रद करते हुए चेतावनी दी है कि भविष्य में अनुशासन में रहकर पार्टी के हित में कार्य करें। गौरतलब है कि श्री दिवाकर नरैनी विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी रह चुके हैं। पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप लगने के बाद सपा मुखिया ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था।

## सार-संक्षेप

### दो दरोगा समेत चार पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त

**बांदा**। जिला पुलिस में तैनात रहे दो दरोगा समेत चार पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हो गए। पुलिसकर्मियों के सम्मान में पुलिस लाइन के सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। एएसपी ने सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए विदाई दी। पुलिस लाइन में तैनात रहे उपनिरीक्षक रमेश चंद्र, नरैनी कोतवाली में तैनात रहे अजय कुमार समेत पुलिस लाइन में तैनात रहे हेड कांस्टेबल मैकूलाल व लाइन के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजाराम सेवानिवृत्त हो गए। पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित विदाई कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा ने अधिवर्षता आयु पूरी करने के उपरांत सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। उन्होंने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को शॉल, स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर विदाई दी। साथ ही सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना करते हुए पुलिस विभाग में उनके सेवाकाल के दौरान किए गए कार्यों की सराहना भी की। इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारीजन समेत तमाम आला अफसर उपस्थित रहे।


सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी को विदाई देते एएसपी।

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**बदौसा**। दीनानाथ पांडेय शिक्षा निकेतन में वार्षिक परीक्षा के बाद छात्र-छात्राओं को अंक पत्र प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य ने उत्कृष्ट स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। विद्यालय परिसर में सुबह से बच्चे अपने अभिभावकों के साथ अंक पत्र लेने के लिए पहुंच गए थे। अंक पत्र मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल गए। प्रधानाध्यापक सुशील कुमार विश्वकर्मा ने छात्र नमन द्विवेदी कक्षा 7, अर्पणा पांडेय, आस्कीन खान, विनायक मिश्रा, सार्थक श्रीवास्तव यूकेजी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की बधाई दी। इस दौरान सोनू त्रिपाठी, मोहिनी मिश्रा, प्रिया, प्रज्ञा दुबे, जितेंद्र, विनोद, शिवम गुप्ता, रोहित आदि शिक्षक मौजूद रहे।

ईस्टर मनाया | ईस्टर संडे पर गिरजाघरों में हुई प्रभु यीशु की हुई विशेष आराधना, गिरजाघरों में भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

# गिरिजाघरों में प्रभु यीशु के दोबारा जीवित होने की मनाई खुशियां

कार्यालय संवाददाता बांदा


बेथेल चर्च में विशेष प्रार्थना करते मसीही समुदाय के लोग। अमृत विचार

- मोमबत्ती जलाकर गुनाहों की क्षमा के लिए की प्रार्थना

**अमृत विचार**। ईस्टर पर्व पर गिरजाघरों में इसाइयों ने प्रभु यीशु की आराधना की। पादरियों ने अनुयायियों को प्रभु यीशु के क्रूस पर जीवित हो उठने के बारे में जानकारी दी। प्रभु यीशु के दोबारा जीवित होने पर गिरिजाघरों में खुशियां मनाई गई। वहीं,अपने गुनाहों की क्षमा के लिए प्रार्थना की गई।

इंदिरा नगर सेंट जार्ज, रोडवेज बस स्टैंड स्थित सेंट पॉल और इंदिरा नगर स्थित बेथेल चर्च में मसीही समुदाय के लोगों ने ईस्टर संडे धूमधाम से मनाया। सेंट पाल चर्च के मुख्य पादरी अनुपम जान ने बताया कि 40 दिन क्रूस पर लटके रहने के बाद प्रभु यीशु ने दम तोड़ दिया था। इस दिन को गुड फ्राइडे के रूप में मनाते हैं। इससे तीसरे दिन रविवार को प्रभु यीशु क्रूस पर ही जीवित हो उठे थे। इस दिन को अनुयाई ईस्टर के रूप में मनाते हैं। समाज को बेहतर दशा व दिशा देने के लिए प्रभु दोबारा जीवित हो उठे थे। प्रभु ने हमेशा मानव कल्याण के लिए कार्य किए हैं। इस मौके पर देश में अमन और शांति व एकता बनाए रखने के लिए प्रार्थना की गई।

इस मौके पर अल्बर्ट रस्किन, पारुल, मानसी, एल्फ्रेड रस्किन, किशन, एस्थर, गजराज साहू, अनीता, प्रियंका, सुमित, सालोमन, शालोम दास, सैम, रिकी, पीटर, किशन आदि उपस्थित रहे। उधर, बेथेल चर्च में मिशन प्रभारी अवधेश मंडल ने बाइबल वचन से पुनरुत्थान दिवस के बारे बताया। प्रभु यीशु के दोबारा जीवित होने पर खुशियां मनाई गई।अपने गुनाहों की क्षमा के लिए प्रार्थना की गई।

# माफियाओं का खास रहा बांदा और माह-ए-रमजान से नाता

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- माफिया ब्रदर्स की हत्याओं में शामिल था बांदा का एक युवक

**अमृत विचार**। मुस्लिम भाइयों का पवित्र माहे रमजान माफियाओं के लिए काल साबित हुआ। लूट, अपहरण और हत्याओं को अंजाम देकर दहशत फैलाने वाले सूबे के बड़े से बड़े माफियाओं अतीक अहमद, अशरफ और मुख्तार अंसारी का अंत रमजान माह में ही हुआ। इन दोनों ही घटनाओं में बांदा जनपद का नाम सुर्खियों में रहा।

तकरीबन एक वर्ष पूर्व प्रयागराज में माफिया ब्रदर्स की हत्या में बांदा का युवक शामिल रहा। योगी सरकार के कार्यकाल में जिन तीन माफियाओं का खात्मा हुआ, वह गरीबों की मदद का ढोंग रचकर मसीहा बने रहने का सपना देखते थे। अपराध की दुनिया के तीन बड़े नाम मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद और अशरफ। लेकिन अपराध के अलावा इन तीनों के बीच एक रिश्ता ऐसा है जो इनको एक कतार में खड़ा करता है। वो रिश्ता है इन तीनों के खात्मे से जुड़ा। इसे इत्तेफाक कहें या फिर इन अपराधियों की किस्मत, इन तीनों का खात्मा रमजान के पाक महीने में हुआ। 26 मार्च को तबियत बिगड़ने पर जब उसे अस्पताल ले जाया गया तब डॉक्टरों ने कहा कि खराब सेहत रहते रोजा रखने से मुख्तार की तबियत ज्यादा खराब हुई। दो दिन बाद दिल का दौरा पड़ने पर मुख्तार दुनिया को अलविदा कह गया। यही अंजाम माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ का हुआ। जहां अतीक पर सौ से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज थे। अशरफ के खिलाफ भी हत्या, अपहरण और डकैती समेत कुल 52 मुकदमे चल रहे थे। दोनों भाई जब प्रयागराज पहुंचे तब भी रमजान का महीना चल रहा था। 15 अप्रैल 2023 की रात तीन शूटरों ने पुलिस कस्टडी में ही अतीक और अशरफ को मार दिया। इनमे से एक लवलेश बांदा का रहने वाला था। कुल मिला कर इन अपराधियों के लिए रमजान का महीना इनके गुनाहों के हिसाब-किताब का महीना बन कर आया।




सुन्नी

इफ्तार (सोमवार) 06 :34 बजे | सहरी (मंगलवार) 04 :35 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### ई रिक्शा पलटने से मासूम सहित तीन घायल

**महोबा।** शहर के बिलवई तिराहा के पास एक ई रिक्शा पलट जाने से उसमें सवार तीन लोग घयाल हो गए। रिक्शा पलटते ही चीख पुकार मच गई। आसपास के दुकानदारों व राहगीरों ने रिक्शे में दबे लोगों को बाहर निकाल कर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उनका उपचार करने की बाद छुट्टी कर दी गई। जबकि महिला की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कर दिया गया जहां पर उसका उपचार चल रहा है। रिक्शा चालक रिक्शा लेकर भाग गया। शहर के काशीराम कॉलोनी निवासी निवासी महेंद्र अपने परिवार के साथ ई रिक्शा से ग्राम सबुआ गया था। शाम को गांव से लौटते समय बिलबई तिराहे के पास ई रिक्शा पलट गया। जिससे, महेंद्र, और उसकी पत्नी वा उसका मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर पिता पुत्र की उपचार के बाद छुट्टी कर दी गई जबकि महिला का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। जनपद के सबुआ ग्राम से एक परिवार ई रिक्शा में सवार होकर महोबा आ रहा था तभी शहर कोतवाली के बिलवई के पास तेज रफ्तार ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें रखी परिवार के तीन लोग सवार थे बताया जाता है कि महोबा के पुलिस लाइन स्थित काशीराम कॉलोनी में रहने वाले महेंद्र उम्र 32 अपनी पत्नी भगवती उम्र 24 और 18 माह का मासूम आरुष सबुआ ग्राम गए हुए थे, सबुआ ग्राम से वापस ई रिक्शा में सवार होकर महोबा आ रहे थे तभी बिलवई तिगैला के पास अनियंत्रित ई रिक्शा पलट गया जिससे तीनों लोग घायल हो गए।

### तमंचा सहित गिरफ्तार

**महोबा।** थाना श्रीनगर पुलिस द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अभियान चलाकर आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों और अवैध असलहाधारियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर जयवर्धन राजपूत (28) पुत्र सोहनलाल राजपूत निवासी ग्राम सिजवाहा श्रीनगर को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर उसके पाससे 12 बोर का तमंचा और एक कारतूस बरामद किया गया है। अभियुक्त के खिलाफ उचित कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेशी के लिए भेजा जा रहा है।

# केंद्र सरकार के विरुद्ध कांग्रेसियों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● मशाल जुलूस निकालकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का खाता फ्रीज करने और आयकर विभाग द्वारा 1823 करोड़ रुपये का नोटिस जारी करने के विरोध में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। आयकर विभाग अधिकारियों केंद्र सरकार पर मनमानी का आरोप लगाते हुए मशाल जुलूस निकाला। कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस के दौरान जमकर नारेबाजी भी की।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का पहले खाता फ्रीज किया गया और आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस के खाते से 135 करोड़ रुपये जबरन निकाला गया। इसके बाद आयकर विभाग द्वारा 1823 करोड़ का नोटिस जारी किया गया। इससे कांग्रेसियों में खासा उबाल है। कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय नेतृत्व की अपील पर रविवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी और जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया।

इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर अब केंद्र सरकार विपक्षी दलों के ऊपर कार्रवाई करने में जुटी हुई है। यही वजह है कि किसी दल को आयकल विभाग का नोटिस भेजा जाता तो किसी के पीछे ईडी लगा दी जाती है, जिससे किसी भी तरह विपक्ष को कमजोर किया जा सके, लेकिन कांग्रेस झुकने वाली नहीं है। इसके बाद कांग्रेसियों ने मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।

# हर दल की निगाह बसपा के कदम पर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में भाजपा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों का करीब एक माह पहले टिकट फाइनल होने से दोनों दलों के प्रत्याशियों और समर्थकों ने युद्ध स्तर पर चुनावी माहौल बनाना शुरू कर दिया है।

वहीं बसपा ने संसदीय सीट के लिए प्रत्याशी तक फाइनल नहीं किया। बसपा के कदम पर हर किसी की निगाह टिकी हुई है चाहे वो भाजपा हो या कांग्रेस और सपा। बसपा का प्रत्याशी घोषित न किए जाने से बसपाइयों का भी चुनाव को लेकर जोश भी धीरे- धीरे ठंडा सा होता जा रहा है, ही वजह है कि न तो बसपा पदाधिकारी और न ही कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के प्रति एक्टिव दिखाई दे रहे हैं। यह पहला मौका है जब बसपा ने सभी दलों के प्रत्याशी घोषित हो जाने के एक माह बाद भी अपनी पार्टी के प्रत्याशी का नाम घोषित नहीं किया है।

2019 तक के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी से टिकट पाने वालों की लम्बी लाइन लगती थी। इतना ही नहीं चुनाव लड़ने वाले इच्छुक प्रत्याशी बसपा के कार्यक्रमों यहां तक कि बसपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के जन्मदिन पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में पैसा भी खर्च करते थे, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में न तो बसपा के प्रति टिकट पाने वालों की पहले जैसी भीड़ दिखा रही है और न ही बसपा के टिकट के प्रति पहले जैसा टिकट के दावेदारों में उत्साह नजर नहीं आ रहा है। यही वजह है कि पार्टी हाईकमान इस दफा प्रत्याशी का चयन करने में देरी कर रहा है। अन्य दलों ने जहां प्रत्याशियों के नाम की घोषणा काफी पहले कर दी है, जिससे इन दलों के प्रत्याशी गांव- गांव में अपने पक्ष में हवा बनाने में जुट गए हैं। वहीं बहुजन समाज पार्टी ने अभी तक पत्ते नहीं खोले हैं।

● प्रत्याशी की घोषणा न होने कार्यकर्ताओं का जोश ठंडा

हमीरपुर- महोबा संसदीय सीट पर 1999 में पहली दफा बसपा के टिकट पर अशोक सिंह चंदेल ने चुनाव लड़कर संसद का सफर तय किया था, इसके बाद वर्ष 2009 में विजयबहादुर सिंह भी बहुजन समाज पार्टी का टिकट पाकर संसद पहुंचे थे।

इस संसदीय सीट पर दो बार जीत दर्ज करने वाली बहुजन समाज पार्टी को अब सशक्त प्रत्याशी की तलाश है, लेकिन अच्छा प्रत्याशी नजर न आने से बसपा हाईकमान चुप्पी साधे हुए है। इससे बसपा कार्यकर्ता भी धीरे- धीरे ढीले पड़ते दिखाई दे रहे हैं। जहां इंडिया गठबंधन और भाजपा के प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालय खुल चुके हैं, वहीं बसपा का चुनाव कार्यालय खुलना तो दूर अभी तक प्रत्याशी फाइनल नहीं हुआ है।

### पहले टिकट के लिए लगती थी लाइन

वर्ष 1999 से लेकर 2019 तक संसदीय क्षेत्र में बसपा का खासा क्रेज दिखा, जिसके चलते इन दो दशकों तक बसपा का टिकट पाने के लिए दावेदारों में खासी होड़ मची रहती थी। 1999 के चुनाव में इस सीट पर बसपा ने बाजी मारी, 2004 के लोकसभा चुनाव में बसपा दूसरे स्थान पर रही और 2009 के लोकसभा चुनाव में चुनाव बसपा ने एक बार फिर जीत दर्ज की। जबकि 2019 के चुनाव में बसपा के दिलीप सिंह दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन धीरे- धीरे अब लोग बसपा से किनारा करते जा रहे हैं, यही वजह है कि अब न तो पहले जैसी टिकट पाने वालों की लाइन लग रही और न ही बसपा के टिकट के प्रति उत्साह दिखाई दे रहा है।

# दो वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने पकड़ा

**महोबा।** एसपी अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर पुलिस द्वारा जिले में वांछित अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, जिसके तहत शहर कोतवाली और थाना कबरई पुलिस ने अपने अपने थाना क्षेत्र से दो वांछित अभियुक्तों को पकड़ा है। शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा उपनिरीक्षक बुद्धिसागर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने चेकिंग दौरान धारा 401 में फरार चल रहे कुद्दूस (60) पुत्र बफाती निवासी मोहल्ला मुकेरीपुरा को मदन सागर सरोवर के पास से गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार थानाध्यक्ष कबरई वीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम के उपनिरीक्षक रामकिशन यादव द्वारा वांछित अभियुक्त पुरुषोत्तम (47) पुत्र सुंदरलाल निवासी विशालनगर कबरई को गिरफ्तार किया है। दोनो अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा जाएगा।

# आग लगने के मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाए

## अग्निशमन विभाग के निरीक्षण में उपनिदेशक ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा


निरीक्षण करते उपनिदेशक आरके पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रयागराज जोन के महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश के निर्देश पर उपनिदेशक प्रयागराज जोन आरके पांडेय ने रविवार को फायर स्टेशन महोबा का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। अग्निशमन वाहन को दुरुस्त रखने और पानी के बेहतर इंतजाम रखने के भी निर्देश दिए। ताकि आपातकालीन स्थिति में पानी भरकर अग्निशमन के वाहन मौके पर पहुंच सके।

उपनिदेशक ने अग्निशमन विभाग का स्टोर, भोजनालय, एमटी शाखा, आवासीय भवन और फायर स्टेशन में मौजूद फायर टेंडर को चलवाकर उनकी सक्रियता को परखा गया। निरीक्षण दौरान अग्निशमन विभाग की सारी व्यवस्थाएं चौकस पाए जाने पर उपनिदेशक ने संतोष जताया। अग्निशमन अधिकारी को गर्मी के मौसम और लोकसभा चुनाव को देखते हुए 24 घंटे अलर्ट रहने के साथ साथ विभाग की टीम को भी अलर्ट रखने के निर्देश दिए, जिससे मोबाइल पर सूचना मिलते ही जल्द से जल्द घटना स्थल पर पहुंचा जा सके।

● लोस चुनाव और गर्मी के मद्देनजर व्यवस्था चौकस रखने को कहा

उपनिदेशक ने बताया कि गर्मी शुरू होते ही अग्निकांड की घटनाएं होने लगती है, इसलिए अग्निशमन अधिकारी और टीम को मुस्तैद रहने की जरूरत है, जिससे कहीं से भी सूचना आने पर जल्द से जल्द मौके पर पहुंचा जा सके। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में ही अग्निशमन विभाग का काम बढ़ जाता है, लेकिन इस साल गर्मी के मौसम में ही लोकसभा चुनाव होना, जिससे इस विभाग की जिम्मेदारी दो गुना बढ़ गई है। विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को अपने कार्य के प्रति खरा उतरने के लिए 24 घंटे मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करनी होगी। निरीक्षण दौरान जिला अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# समुचित इलाज न मिलने से महिला की गई जान

**महोबा।** थाना खरेला के ग्राम पुनिया में एक महिला की समुचित इलाज न मिलने के कारण जिला अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से शिकायत कर जांच की मांग की है। महिला की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

ग्राम पुनिया निवासी प्रमोद रानी 28 को सुबह लूजमोशन होने पर जिला अस्पताल लाया गया। जहां पर डॉक्टर से भर्ती कर दिया। भर्ती करने के बाद डॉक्टर एक बार भी चेकअप करने नहीं गया। जिससे उसकी थोड़ी देर बाद हालत बिगड़ गई। उसे इमरजेंसी में लाया गया जहां पर डॉक्टर ने उसका उपचार शुरू किया लेकिन थोड़ी देर बाद उसकी मौत हो गई इससे नाराज मृतक की परिजनों ने अस्पताल में हो हल्ला मचाया और डॉक्टरों पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए सीएमएस से शिकायत की है। उनका कहना है कि यदि मामले में उचित कार्रवाई न की गई तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने उच्चाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है।

# माह-ए-रमजान : मगफिरत का अशरा खत्म, निजात का आखिरी अशरा शुरू

संवाददाता कार्यालय, महोबा

● इस अशरे में सबेकद्र की रात को अल्लाह बंदों के गुनाह बख्श कर देता है निजात

**अमृत विचार।** मुकद्दस माह रमजान का दूसरा अशरा मगफिरत 20वें रोजे को खत्म हो गया। इसी के साथ ही रमजान का आखिरी अशरा निजात (जहन्नुम की आग से बचाने) का शुरू हो गया। इस महीने का तीसरा अशरा 20वें रोजे की मगरिब से शुरू होता है जो ईद का चांद दिखाई देने तक जारी रहता है, इसमें इबादत करने से जहन्नुम से आजादी मिलती है। इसी अशरे में लोग मस्जिदों में एहतकाफ पर बैठकर एक पूरा अशरे तक मस्जिदों से बाहर न निकलकर मुतबातिर इबादत तिलावत करते रहते हैं। सिर्फ एक बेहद अहम अनिवार्य कार्य के लिए चंद मिनटों के लिए निकलते हैं। बाकी दिन- रात मस्जिदों में ही गुजारते हैं और चांद देखने के बाद मस्जिदों से निकलकर अपने- अपने घरों की जानिब जाते हैं।

तीसरे अशरे में एक अहम रात आजी है, जिसे लैलतुलकद्र की रात कहते हैं। लैलतुलकद्र की रात बेइंतहा फजीलत वाली रात होती है। इस रात को जागकर लोग शब-ए-कद्र मनाते हैं और पूरी रात इबादत तिलावत में गुजारते हैं। इस रात में अल्लाह ताअला अपने बंदों के गुनाहों को माफ करके उन्हें गुनाहों से निजात दे देता है।


हाफिज राहत रजा। अमृत विचार

इस अशरे में अल्लाह ताअला की बारगाह में रो- रोकर अपने गुनाहों की माफी मांगता हैं। शब-ए-कद्र की रात अल्लाह नेक व जायज दुआएं पूरी फरमाता है। कुछ मस्जिदों में तरावीह पढ़ाने वाले हाफिज इसी शब-ए-कद्र पर कुरआन मुकम्मत करते हैं।

हाफिज राहत रजा ने बताया कि रमजानुल मुबारक का तीसरा अशरे की बड़ी फजीलत है। उन्होंने बताया कि नबी करीम सल्लल्लहो अलैहे वसल्लम ने इरशाद फरमाया है कि आखिरी अशरे में लाखों- करोड़ों लोगों को जहन्नूम से निकालकर अल्लाह ताअला जन्नत में दाखिल फरमाते हैं और इसी अशरे में एतकाफ भी किया जाता है, जो गुनाहों के माफ होने का एक बड़ा जरिया है और इसी अशरे में 21, 23, 25, 27 रातें शब-ए-कद्र के नाम से हैं, जिसमें इबादत करने पर हजारों साल इबादत करने का सवाब मिलता है और इसी आखिरी अशरे में जकात और फितरा का एहतमाम किया जाता है।

### पांच अप्रैल को अलविदा जुमा

पवित्र माह रमजान के अलविदा जुमे में सबसे ज्यादा भीड़ जुटती है। इस दफा अगले सप्ताह 05 अप्रैल को और रमजान का 25वें रोजे को अलविदा जुमा पड़ेगा। अलविदा जुमा की नमाज के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने अभी से ही सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करने शुरू कर दिए हैं, जिससे अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से निपट सके। अलविदा जुमा के दिन तमाम दुकानदार नमाज की तैयारियों के चलते दुकानें तक नहीं खोलते, जिसके चलते मस्जिद नमाजियों से ऊपर नीचे खचाखच भर जाती है।

# गौशाला भेजे जा रहे अन्ना मवेशी

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर सड़कों पर घूम रहे अन्ना पशुओं को दुर्घटना और भूख प्यास से बचाने के लिए जिले में पकड़ने को अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत रविवार को भारी संख्या में अन्ना पशुओं को पकड़कर कान्हा गौशाला मुड़हारा भेजा गया साथ ही गौशाला संचालकों को नियमित अन्ना मवेशियों के खानपान की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए गए, जिससे कोई भी अन्ना मवेशी की भूख प्यास और सड़क दुर्घटना से मौत न हो सके।

शासन के निर्देश आने के बाद जिले के अधिकारी भी चौकन्ना हो गए, जिसके मद्देनजर रविवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार के निर्देशन में अन्ना मवेशियों को गौशाला भेजने के लिए सफाईकर्मियों की आधा दर्जन टीमों को लगाया गया।

● सफाईकर्मियों की टीम ने अभियान चलाकर मवेशियों को पकड़कर पहुंचाया गौशाला

सफाई कर्मचारी सुबह से अन्ना पशुओं की तलाश में निकल पड़े। अभियान की शुरूआत शहर के मोहल्ला मलकपुरा से चंद्रकुंवर पैलेस, ऊदल चौक, आल्हा चौक, डीएम बंगला, हमीरपुर चुंगी सहित विभिन्न मार्गों पर अन्ना मवेशियों की घेराबंदी करके खदेड़ते हुए वाहन के माध्यम से कान्हा गौशाला पहुंचाया, इससे अन्ना मवेशियों को दुर्घटनाओं के साथ साथ भूख प्यास से बचाया जा सके।

इसके लिए सफाई कर्मचारी मुस्तैदी के साथ जुट हुए हैं। गौरतलब है कि आएदिन सड़कों पर घूमने वाले अन्ना पशुओं की सड़क दुर्घटनाओं में मौत हो जाती थी, वहीं जंगलों में गर्मी के दिनों में भोजन पानी न मिलने से अन्ना मवेशी तड़प तड़प कर दम तोड़ देते हैं। शासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए।

इस क्रम में डीएम मृदुल चौधरी के आदेश पर अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर सफाई निरीक्षक रामसेवक और भूपेंद्र की मोजूदगी में अभियान चलाकर अन्ना पशुओं को सुबह से लेकर शाम तक पकड़ा गया। कुछ जानवर सफाईकर्मियों के चंगुल से इधर उधर भागने लगे, लेकिन सफाई कर्मचारियों की फौज से घेराबंदी कर पशुओं को पकड़कर गौशाला में बंद कराया।

# परीक्षा परिणाम आया तो झूम उठे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए शिक्षा सत्र से पूर्व शनिवार को शहर के विभिन्न विद्यालयों में छात्र- छात्राओं को अंकपत्र (रिजल्ट) वितरित किए गए। अच्छे अंक पाने के बाद बच्चों के साथ विद्यालय पहुंचे अभिभावक भी खासा खुश नजर आए। परीक्षा परिणाम पत्र लेने के लिए अभिभावक समय निकालकर छोटे- छोटे बच्चों के साथ उनके विद्यालय पहुंचे। बच्चे भी परीक्षाफल पाने के प्रति खासा उत्साहित दिखाई दिए। ज्ञानस्थलीय पब्लिक स्कूल, आरएन पालीवाल पब्लिक स्कूल, आरबीपीएस, रायल इंटरनेशनल स्कूल, संजरी इंटरनेशनल स्कूल, स्टार सीटी सहित तमाम विद्यालयों में अंकपत्र वितरित किए गए। अच्छे अंक पाने वाले बच्चों को पुरुस्कृत भी किया गया।

### फीस न जमा होने पर तमाम बच्चे नहीं पा सके रिजल्ट

जिले में संचालित कांवेन्ट स्कूलों के बच्चों की फीस जमा न होने पर उनका परीक्षा फल रोक दिया गया। विद्यालय में परीक्षा फल लेने पहुंचे बच्चों को फीस जमा न होने पर रिजल्ट नहीं दिया गया, जिससे बच्चे मायूस होकर घर लौट आए। दूसरे बच्चे एक दूसरों को अपना परीक्षाफल दिखाकर खुशियां मनाते दिखाई दिए। बच्चे भी फीस जमा न होने पर घर लौटकर रोते रहे। अभिभावकों ने बच्चों को एक दो दिन में फीस जमाकर परीक्षाफल लाने का आश्वासन दिया और बच्चों को समझा बुझाकर शांत कराया गया, जबकि बच्चे परीक्षा फल न देख पाने से खासे असंतुष्ट दिखाई दिए।

● अभिभावकों के साथ परीक्षाफल लेने पहुंचे थे विद्यालय

शैक्षणिक 2023-24 का वार्षिक गृह परीक्षाफल शनिवार को घोषित किया गया, जिसके चलते बच्चे विद्यालयों में अंकपत्र लेने के लिए पहुंचे। सुबह नौ बजे से परीक्षा फल वितरित होने के कारण अभिभावक और छात्र - छात्राओं की भारी भीड़ जमा हो गई। केजी से लेकर कक्षा नौ तक के छात्र- छात्राओं का परीक्षाफल वितरित किया गया। ज्यादातर विद्यालयों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। अच्छे अंक पाने वाले बच्चे खुशी से फूले नहीं समाए। जनता जूनियर हाईस्कूल के बच्चों ने भी अच्छे अंक पाकर विद्यालय का मान बढ़ाया। कक्षा नौ तक के छात्र- छात्राएं सुबह से दोपहर बाद तक रिजल्ट पाने के लिए विद्यालयों में आते- जाते दिखाई दिए। विद्यालय से घर लौटने के बाद अभिभावकों ने बच्चों को टॉफी और मनपसंद चीजे दिलाईं।


विद्यालय में अंकपत्र लेने जाते अभिभावक व बच्चे। अमृत विचार

आरएन पब्लिक स्कूल महोबा में वर्ष 2023-24 का परीक्षाफल घोषित किया गया। विद्यालय में सुबह से ही बच्चों के साथ पहुंचे अभिभावक रिजल्ट देखकर खुशी से फूले नहीं समाए। बच्चों ने भी अपने दूसरे साथियों के साथ विद्यालय में खुशियां मनाई। विद्यालय की ओर से पीएमटी का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों का रिपोर्ट कार्ड लिया गया और अध्यापकों को अपने बच्चों की उन्नित के लिए धन्यवाद दिया। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा उन्नत बच्चों के लिए मेडल और ट्राफी का वितरण भी किया गया। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

धर्म-अध्यात्म

## कथावाचक ने व्यास पेलैस में बताई प्रभु कृष्ण की महिमा, बकासुर वध की लीला का प्रसंग सुनाया

# पूतना तो कृष्ण को मारने आई थी : परमानंद शास्त्री

संवाददाता, जैतपुर- महोबा


कथा सुनाते कथा वाचक परमानंद शास्त्री। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कथावाचक पंडित परमानंद शास्त्री ने कथा के तीसरे दिन श्रोताओं को कथा का रसपान कराते हुए कहा कि पूतना के स्तनों में हलाहल विष लगा हुआ था। श्रीकृष्ण सब जान गये और वे क्रोध आकर स्तनपान करने लगे, जिससे पूतना चीख- चीख कर कहने लगी- अरे छोड़ दे, छोड़ दे, बस कर, बस कर, वह बार-बार अपने हाथ पैर पटकने लगी और उसकी आंखें फट गईं। उसका सारा शरीर पसीने में लथपथ होकर व्याकुल हो गया। वह बड़े भयंकर स्वर में चिल्लाने लगी। पूतना अपने राक्षसी स्वरूप को प्रकट कर धड़ाम से भूमि पर बज्र के समान गिरी, उसका सिर फट गया और उसके प्राण निकल गये।

कथावाचक ने बताया कि पूतना का न कुल अच्छा था ना वंश अच्छा था ना ही उसका भोजन अच्छा था न ही उसका कार्य अच्छा था फिर भी भगवान ने उसे गति प्रदान की। पूतना वध की कथा सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। इसके बाद भगवान कृष्ण की माखन चोरी की कथा का उद्देश्य बताते हुए कि भगवान कृष्ण ने माखन की चोरी- चोरी के उद्देश्य से नहीं की उनका उद्देश्य था कि सहज भाव से हम सभी भक्तों को प्राप्त हो सकें। कथा व्यास ने कथा ने कहा कि गोवर्धन पर्वत उठाने के लिए भगवान कृष्ण का उद्देश्य राजा इंद्र का अभिमान चूर करने का था। काली नाग नाथने का भी उद्देश्य था कि वृंदावन से जाने के बाद वृंदावन वासी सहज भाव से रह सके, गोकुल को छोड़कर वृंदावन जाने के लिए वृंदावन को इस लिए चुना की वहां पर तुलसी का वन गाय चराने के लिए गोवर्धन पर्वत गायों को पानी पीने के लिए यमुना नदी का निर्मल जल मनोरम स्थान व पवित्रा देख कर वह वृंदावन में जा बसे इसके पूर्व महा रासलीला अघासुर, बकासुर वध की लीला का वर्णन किया। इस मौके पर जजमान गीता व्यास कृष्ण नारायण व्यास, मुकेश व्यास, उदित व्यास, सुरेश व्यास, रविंद्र नारायण व्यास, किशोरी लाल सोनी, विपिन तिवारी, घनश्याम नामदेव सहित भारी संख्या में महिलाओं ने कथा का श्रवण किया।

# फ्लोटिंग पुल का नहीं मिल रहा लाभ

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिला प्रशासन द्वारा लाखों रुपये की लागत से मदन सागर सरोवर में ऐतिहासिक स्थल खखरामठ के लिए बनवाया गया फाइवर पुल बेमतलब साबित हो रहा है। प्रशासन ने पुल के गड़बड़ हो जाने के कारण उस पर आवागमन पर रोक लगा दी है, जिससे अब देशी- विदेशी पर्यटक भी ऐतिहासिक स्थल तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

छोटी चन्द्रिका देवी मंदिर के पास से मदन सागर सरोवर में खखरामठ तक चार साल पहले फ्लोट पुल का निर्माण कराया गया था। इसके बाद कम दूरी होने से लोगों का ऐतिहासिक स्थल पर आना- जाना बढ़ गया था। पुल के निर्माण की जानकारी होने पर खजुराहो आने- वाले विदेशी पर्यटकों ने भी महोबा की तरफ रुख कर लिया था। खखरामठ देखने के लिये पर्यटकों का जमावडा लगने लगा था।


खखरामठ तक जाने के लिए बनाया गया पुल। अमृत विचार

मदन सागर सरोवर में स्थित खखरामठ तक जाने के लिए बनाया गया फाइवर पुल चार साल के अन्दर ही ज्यादातर जगहों से ध्वस्त हो गया, जिसके चलते प्रशासन द्वारा अब इस पुल में आने जाने पर रोक लगा दी गई। पुल के मार्ग में झाड़ लगा दिया गया, जिससे कोई भी इस पुल पर न जा सके। अब लोग फ्लोट पुल बंद हो जाने से खखरामठ तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे नागरिकों में असन्तोष व्याप्त है। बताया जाता है कि पुल में गड़बड़ी आ जाने के कारण उसे बंद कर दिया गया। साथ ही लोगों को मदन सागर सरोवर की सैर के लिए डाली गई वोट, स्टीमरों को भी हटाकर कीरत सागर सरोवर में पहुंचा दिया गया है।

# पिछले साल का रिकॉर्ड टूटा, दो डिग्री सेल्सियस तापमान में वृद्धि

## मौसम का मिजाज बदला, दिन में तेज धूप निकलने से हवाएं भी गर्म चलने लगीं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


गर्मी से निजात पाने के लिए बेतवा नदी में नहाते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** होली के बाद से ही सूरज ने अपनी तपिश का अहसास कराना शुरू कर दिया है। रविवार को शहर का तापमान 36 डिग्री व न्यूनतम तापमान 19 डिग्री पर पहुंच गया। तापमान ने पिछले साल का रिकॉर्ड इस गर्मी में तोड़ दिया है। तापमान की गत वर्ष से तुलना करने पर पता चलता है कि इ बार न्यूनतम व अधिकतम तापमान में दो डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि पश्चिमी विक्षोभ के चलते आसमान में बादल छा सकते हैं, लेकिन इससे अधिकतम तापमान से कोई राहत की उम्मीद नहीं है। लोगों के पसीने छूटने लगे हैं।

मार्च माह का रविवार आखिरी दिन था। गर्मियों ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। दिन में तेज धूप निकलने से गर्म हवाएं भी चलने लगी हैं। लोग सिर में अंगौछा, तौलिया, चश्मा व छाता लेकर निकलने लगे हैं। गर्मी के चलते लोगों का पसीना छूटने लगा है। पिछले वर्ष जहां 31 मार्च को अधिकतम पारा 34 व न्यूनतम 17 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। वहीं आज अधिकतम तापमान दो डिग्री की उछाल के साथ 36 पर पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान भी दो डिग्री बढ़कर 19 डिग्री रहा है। मौसम का मिजाज इस साल बदला-बदला सा है। आमतौर पर मार्च के महीने को सुकून भरा माना जाता है। अप्रैल से गर्मी अपने तेवर दिखाना शुरू करती है, लेकिन इस साल होली से पहले ही अधिकतम तापमान 36 पार पहुंच गया था। अप्रैल के पहले सप्ताह से और तापमान में वृद्धि शुरू होती दिखेगी। जानकारों का कहना है कि इस बार गर्मी कई सालों का रिकॉर्ड तोड़ सकती है। हालांकि, किसान जल्दी-जल्दी अपनी फसलों को समेटने में जुटे हैं। ताकि भीषण गर्मी आने के पहले खेती किसानी के कार्य से मुक्त हो सकें। ज्यादातर किसानों की मटर, लाही, सरसों, चना, मसूर आदि की फसलें कट चुकी है। गेहूं की कटाई जारी है।

# हमीरपुर में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी में नहीं होगा बदलाव

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- सपा मुखिया ने बैठक में किया स्पष्ट, पूरी दमखम के साथ लड़ने के दिये निर्देश

**अमृत विचार।** हमीरपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी किसी कीमत पर नहीं बदला जाएगा। यह निर्णय शनिवार को लखनऊ पार्टी कार्यालय में सपा मुखिया ने पार्टी के जिला अध्यक्षों पूर्व विधानसभा प्रत्याशियों एवं विधानसभा अध्यक्षों की बैठक में लिया। उन्होंने प्रत्याशी को पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरने की निर्देश दिए हैं।

सपा मुखिया के निर्देश के बाद लोकसभा क्षेत्र में ब्लाकवार कार्यकर्ता सम्मेलन करने की रणनीति तैयार होने लगी है। इसी माह में यह सम्मेलन संपन्न कराए जाएंगे। यह जानकारी रविवार को जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने दी। शनिवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बांदा जिलाध्यक्ष मकसूदन कुशवाहा, महोबा जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव, हमीरपुर जिलाध्यक्ष इदरीश खान के साथ इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी अजेन्द्र सिंह राजपूत आदि को लखनऊ तलब किया था। सभी पार्टी पदाधिकारी एवं नेताओं के साथ बैठक करके सपा मुखिया ने कहा कि हमीरपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा सीट पर प्रत्याशी नहीं बदला जाएगा। अजेन्द्र सिंह राजपूत ही चुनाव लड़ेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश के बाद संगठन ने प्रत्याशी के साथ मिलकर लोकसभा सीट के सभी 17 ब्लॉकों में इसी माह कार्यकर्ता सम्मेलन करने का निर्णय लिया है। बैठक में महोबा सदर के विधानसभा प्रत्याशी रहे मनोज तिवारी, चरखारी के रामजीवन यादव, हमीरपुर सदर के रामप्रकाश प्रजापति, राठ सुरक्षित सीट की प्रत्याशी रही चंद्रावती वर्मा, जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह राजपूत, हमीरपुर विधानसभा अध्यक्ष अरुण कुमार यादव, राठ विधानसभा अध्यक्ष गोकुल राजपूत आदि रहे।

## एक नजर

### चोरी के माल सहित दो शातिर गिरफ्तार

**हमीरपुर।** अपराध नियंत्रण व वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को थाना बिवांर पुलिस ने कंप्यूटर सिस्टम सहित दो चोरों को गिरफ्तार किया है। थाना बिवांर के धनपुरा गांव में बीते दिनों शैलेन्द्र उर्फ शीलू पुत्र लल्लू व अभिलाष पुत्र हरिचरन प्रजापति ने पंचायत भवन से एक एलईडी, एक मॉनिटर, एक मॉनिटर स्टैंड, एक की-बोर्ड व एक माउस, एक इनवर्टर, एक टीवी केबल, सीपीयू केबल व चार्जर चोरी किया था। जिसे प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, उनि मनोज शर्मा ने चोरी को सामान के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय के जरिए जेल भेजा है।

### घर पर पथराव कर धमकाने का आरोप

**राठ (हमीरपुर)।** गोहांड कस्बे के सुभाष नगर मोहल्ले निवासी एक युवक ने पथराव करने व गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है। हरनारायण सिंह पुत्र इंद्रजीत सिंह ने बताया कि गोहांड कस्बे के चार युवक देवा, नरेश, मनीष व शंकर ने पुरानी रंजिश के चलते उसके छोटे भाई उदित सिंह के मकान में पहुंचकर पथराव करते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। उसके छोटे भाई की पत्नी उषा और उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान की आज रैली

**हमीरपुर।** स्वास्थ्य विभाग शासन से प्रस्तावित संचारी रोग नियंत्रण अभियान सोमवार से चलाया जाएगा। वहीं 10 अप्रैल से दस्तक अभियान की शुरुआत होगी। प्रथम चरण के यह दोनों अभियान आगामी 30 अप्रैल तक चलाए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा .गीतम सिंह ने बताया कि जिले में संचारी रोग अभियान एक अप्रैल से चलाया जाएगा। शासन के मुख्य सचिव के पत्र के क्रम में एक से 30 अप्रैल तक प्रथम चरण में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान का आयोजन किया जाना है। सोमवार को प्रात: 10 बजे सीएमओ कार्यालय में अभियान का शुभारंभ एवं रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली सुभाष बाजार, किंग रोड होते हुए पुन: कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी में संचारी रोग अभियान शपथ व संगोष्ठी के साथ समाप्त होगी।

# शार्ट सर्किट से लगी आग, छह बीघे गेहूं की फसल राख

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


आग से धू-धू कर जलती गेहूं की फसल। अमृत विचार

- खेतों के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन में हुआ था शार्ट सर्किट

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के दो स्थानों में गेहूं के खेत में आग लगने से एक किसान के छः बीघे की खड़ी फसल धू-धू कर जलगयी। इस से तकरीबन दो लाख की क्षति हुई। फायर ब्रिगेड के देर से पहुंचने पर किसानों ने नाराजगी जताई। वहीं कोतवाली क्षेत्र के चकदहा गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग से 4 बीघे कटे खेत की पराली जल गई।

पिपरौंदा गांव निवासी रमेश कुटार पुत्र दरबारी के निजी नलकूप के पास स्थित खेतों में कटने के लिए गेहूं की फसल तैयार खड़ी थी। लेकिन खेतों के ऊपर से निकली बिजली की हाईटेंशन लाइन के झूलते तारों से हुए शार्ट सर्किट से निकली आग की चिंगारी से किसान की गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। हालांकि ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की हर सम्भव प्रयास किया। साथ ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी। लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचने में देरी कर दी। जिससे किसानों ने खासी नाराजगी जताई। जब तक ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया तब तक रमेश की छह बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। सूचना पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने आग से हुए नुकसान का आंकलन शुरू कर दिया है। उधर चकदहा गांव के किसान शिवकरन के गेहूं की फसल कल ही हार्वेस्टिंग की गई थी। रविवार को सुबह अज्ञात कारणों से उसमें आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाकर अन्य किसानों की फसल बचाई।

## पंधरी में भी पांच बीघे गेहूं की फसल जली

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)


गेहूं की फसल में लगी आग को बुझाते ग्रामीण।

- करीब डेढ़ लाख के नुकसान का अनुमान

**अमृत विचार।** रविवार को दोपहर में पंधरी मौजे में विद्युत की शॉर्ट सर्किट से किसान की पांच बीघे की फसल जलकर खाक हो गई। किसान का आरोप है कि उसके खेत में आंधी से चलते तार टूट कर गिर गया था। उसने सूचना भी विद्युत विभाग को दी थी लेकिन विभाग ने इसको ठीक नहीं कराया और आपूर्ति शुरू कर दी जिससे हादसा हो गया।

रविवार को पंधरी गांव निवासी राजेंद्र सिंह के खेत में बिजली के शॉर्ट सर्किट से दोपहर करीब 2 बजे गेहूं की फसल में आग लग गई। इस खेत को गढ़ा निवासी रामप्रकाश ने बटाई पर लेकर गेहूं की फसल बो रखी थी। आग से करीब डेढ़ लाख की फसल जल जाने का अनुमान है। पीड़ित किसान ने घटना से फायर ब्रिगेड एवं पुलिस को अवगत कराया। सूचना पाकर पहुंचे फायर दस्ते ने किसानों की मदद से आग पर काबू पाया।

विद्युत विभाग के अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि किसान का आरोप निराधार है क्योंकि जिस लाइन से आग लगने का दावा किया जा रहा है। वह लाइन बंद पड़ी है। आग किसी दूसरी वजह से लगी होगी।


संवेदनशील मतदान केंद्र का निरीक्षण करते एएसपी मायाराम वर्मा। अमृत विचार

## एएसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में लोकसभा चुनाव को लेकर गांवों में पुलिस का भ्रमण जारी है। अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा ने संवेदनशील गांवों के साथ केंद्रीय व प्रदेश के पुलिस बल के ठहरने की व्यवस्था का निरीक्षण कर भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत थाना जरिया क्षेत्र के अंतर्गत सामान्य, संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र देखे। उच्च प्राथमिक विद्यालय के मतदान केंद्रों इटैलिया बाजा, प्राथमिक विद्यालय खेड़ा शिलाजीत, प्राथमिक विद्यालय जरिया व प्राथमिक विद्यालय चंडौत में जाकर केंद्रीय पुलिस बल व पुलिस बल के ठहरने की व्यवस्था का निरीक्षण कर भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर थानाध्यक्ष जरिया व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## आठ पर लगा गुंडा एक्ट 66 के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने की तैयारी में जुटी पुलिस ने शांति भंग की आशंका में 1200 लोगों को पाबंद किया है। 66 लोगों पर जनवरी से अब तक मिनी गुंडा एक्ट व आठ लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि 31 मार्च तक 1200 लोगों को शांति भंग की आशंका में पाबंद किया गया है। इसी तरह 66 लोगों पर मिनी गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आठ लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट लगाया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए थाना क्षेत्र के 855 शस्त्र धारकों में से 300 लोगों के शस्त्र जमा कर लिए गए हैं। अन्य लोगों के शस्त्र जमा करने के लिए सभी चौकी इंचार्जों, हलका इंचार्जों एवं बीट प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं।

# पति पर लगाया हत्या करने के प्रयास का आरोप

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के सैदपुर गांव में एक युवक ने अपनी पत्नी के साथ गालीगलौज करते हुए उसे जमकर पीटा। इतना ही नहीं आरोपी ने उसे धक्के मार कर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी है।

सुधा पत्नी शिवकुमार ने बताया कि उसकी दो छोटी पुत्रियां हैं। बताया कि उसका पति शिव कुमार आए दिन उसके साथ गाली गलौज करते हुए बेरहमी से उसके साथ मारपीट करता है। बताया कि उसका पति उसके ऊपर अनर्गल आरोप लगता है। बताया कि घरेलू मामले के चलते उसके पति ने लात घूंसों से उसके साथ जमकर मारपीट करते हुए उसकी गर्दन दबाकर उसे मारने का प्रयास किया और उसे धक्के मार कर घर से बाहर निकाल दिया। कोतवाल ने बताया जांच करा कार्रवाई की जायेगी।

### पत्नी को पीटकर घर में की तोड़फोड़

कोतवाली क्षेत्र के स्यावरी गांव में एक शराबी युवक ने शराब के नशे में धुत होकर अपनी पत्नी की बेरहमी से पीटते हुए घर में तोड़फोड़ कर दी। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी है। स्यावरी गांव निवासी सुनीता पत्नी उदयभान ने बताया कि उसका पति उदयभान शराब पीने का लती है। शराब पीकर उसके साथ आए दिन मारपीट करता है। बताया कि उसका पति शराब पीकर घर आया और बेवजह ही उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। बताया कि जब उसने मारपीट करने का विरोध किया तो उसके पति उदय भान घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी तथा उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# नवीन गल्ला मंडी 10 तक खाली करने के निर्देश

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- प्रशासन के आदेश से आढ़ती व दुकानदार हलकान

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने 10 अप्रैल तक मंडी के सभी गोदाम, बी श्रेणी की दुकानों के साथ सभी नीलामी चबूतरा खाली कराने के सख्त निर्देश दिए हैं। प्रशासन के इस निर्देश से कारोबार कर रहे आढ़ती हलकान हो रहे हैं।

प्रस्तावित लोकसभा चुनाव कस्बे के नवीन गल्ला मंडी से संपन्न कराया जाना है। प्रशासन रात दिन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडे ने प्रभारी मंडी सचिव नितिन कुमार गौतम को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक दशा में चुनाव संपन्न कराने के लिए अधिग्रहित किए गए। सभी गोदाम, बी श्रेणी की दुकानों एवं बरामदा तथा सभी नीलामी चबूतरा खाली करा लिए जाएं ताकि समय रहते तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा सके।

मंडी सचिव ने कारोबार कर रहे आढ़तियों को नोटिस जारी करके स्थान खाली करने के निर्देश दिए हैं। इससे आढ़तियों में हड़कंप मचा हुआ है। आढ़ती कुंज बिहारी पांडेय, श्याम बिहारी पांडेय, महेश कुमार गुप्ता, श्याम बाबू पाण्डेय आदि ने कहा कि पीक सीजन में मंडी खाली कराए जाने का सीधा असर कारोबार में पड रहा है। प्रशासन को व्यापारियों को समस्या पर भी गौर करना चाहिए।

चुनावी चर्चा | किचन का बजट लड़खड़ाने से बचाने के प्रयास होने की दरकार

# आधी आबादी : मूल सुविधाएं, महंगाई की चिंता

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की चर्चा हर जुबां पर हैं। घर के आंगन से लेकर चाय, पान की दुकानों तक लोगों ने बेहतर सरकार चुनने के लिए माथापच्ची करनी शुरू कर दी है। ऐसे में आधी आबादी कुछ अलग सोच रही है। अमृत विचार टीम ने महिलाओं के बीच पहुंच चुनावी चर्चा में उनकी राय पूछी, तो अधिकांश महिलाओं ने महंगाई पर अंकुश लगाने वाली सरकार बनाने की बात कही। उनका कहना है कि सरकार ऐसी हो जो मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखे और किचन के गड़बड़ा रहे बजट पर अंकुश लगाए। महंगाई पर लगाम के लिए कालाबाजारी करने वालों पर कार्यवाही की जाए।

शहर निवासी ज्योति द्विवेदी का कहना है कि चुनाव के समय नेता वादे तो बड़े-बड़े करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद दोबारा झांकने तक नहीं आते। जिससे जनता अपने आप को ठगा महसूस करने लगती है। आधी आबादी दलों के द्वारा जारी एजेंडे के आधार पर वोट करेगी। जो प्रत्याशी और पार्टी महंगाई पर अंकुश लगाने का काम करेगा, उसी को मतदान करेंगे।



शहर निवासी गृहणी शिवांशी शुक्ला का कहना है कि अभी सिर्फ दो दलों ने प्रत्याशियों की घोषणा की है। अन्य दल भी उम्मीदवार उतारेंगे। इसी के साथ चुनावी घोषणा पत्र जारी कर लोकलुभावन वादे करेंगे। कहा अब लोकलुभावन वादों से काम नहीं चलेगा। जो पार्टी महिलाओं के काम करेगी, उसी के पक्ष में मतदान करेंगे।



शहर निवासी अंकिता द्विवेदी का कहना है कि कुछ वर्षों से महिलाओं और किशोरियों की सुरक्षा के लिए काम हुआ है, इसके बावजूद अभी बहुत कुछ बदलने की जरूरत है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए और कड़े कानून बनने चाहिए। ताकि महिला अपराध कम हो सकें। साथ ही बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने वाली सरकार बनाने वालों का ही वह चुनाव करेंगी।



शहर के मोहल्ला रमेड़ी निवासी शिवानी का कहना है कि चुनाव के समय नेताओं को जनता की याद आती है। चुनाव जीतने के बाद नेता नजर नहीं आते। झूठे वादे से वोट हथियाने वाले नेताओं को आधी आबादी सबक सिखाएगी। जो प्रत्याशी और पार्टी महिलाओं की सुरक्षा व उनकी तरक्की के लिए काम करेगी, उसी को मतदान करेंगे।



## सार-संक्षेप


कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### अंकपत्र वितरण कार्यक्रम के साथ हुआ विदाई समारोह

**पौथिया (हमीरपुर)।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट कलौलीजार में अंकपत्र वितरण कार्यक्रम हुआ। इसी के साथ कक्षा छह के छात्रों का विदाई समारोह कार्यक्रम धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक बाबादीन कर्णधार, प्रधान अरविंद यादव, अभिभावक व गणमान्य लोगों सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में बाबादीन व प्रधान ने बच्चों को पुरस्कार वितरण कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए दिशा-निर्देश देते हुए शुभकामनाएं दी गईं।


विदाई समारोह में मौजूद सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक। अमृत विचार

### सेवानिवृत्त दो उपनिरीक्षकों को दी भावभीनी विदाई

**हमीरपुर।** सीओ सदर राजेश कमल ने पुलिस लाइन में सेवानिवृत्त हुए दो उप निरीक्षकों व अनुचर को सम्मानित किया। उनके द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण योगदान एवं उनकी कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की गई। साथ ही अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना के साथ भावभीनी विदाई दी। प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन व अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### मतदाता जागरुकता बाइक रैली दो को निकलेगी

**हमीरपुर।** स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। जनपद के अधिकारी, कर्मचारी शिक्षक मतदाताओं को जागरूक कर 20 मई को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील कर रहे हैं। मतदाता जागरूकता बाइक व स्कूटी रैली जनपद मुख्यालय पर निकाली जाएगी। इस बार 20 मई को मतदान होगा। जिसमें अधिक से अधिक वोट करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों व प्रतियोगिताओं के माध्यम से जन-जागरूकता लाई जा रही है। स्वीप नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर के पर्यवेक्षण में माह भर कार्यक्रम किए जाएंगे। कार्यक्रम का समन्वय विभिन्न नोडल अधिकारी व सह नोडल अधिकारी कर रहे हैं।


बैठक करते कुशवाहा समाज के लोग। अमृत विचार

### कुशवाहा समाज की बैठक में एकजुटता का आह्वान

**राठ (हमीरपुर)।** कुशवाहा समाज समिति की एक बैठक गंज बिहारी कुशवाहा धर्मशाला समता बुद्ध विहार में हुई। बैठक की अध्यक्षता गया प्रसाद कुशवाहा शिक्षक ने की। बैठक में मुन्ना लाल बौद्ध ने समाज के संगठन को मजबूत करने और आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए समाज को एकजुटता का परिचय देने पर जोर दिया। उन्होने कहा कि समाज को कुरीतियों से बचाते हुए शिक्षा के प्रचार प्रसार को बढ़ाना है। बैठक के दौरान मोहन लाल, प्रभु दयाल, दीनदयाल कुर्रा, महेंद्र कुमार, अंकित कुमार, रामजीवन रिहुंटा, दिनेश कुमार उमरिया, अयोध्या प्रसाद, रमेश चंद्र बंगरा, लक्ष्मी प्रसाद, मदन गोपाल शाक्य, जीतेंद्र कुमार, हरिश्चंद्र, गुलाब सिंह, महेंद्र कुमार, मनोज कुमार समेत अनेक लोग रहे। संचालन मुन्ना लाल बौद्ध पवई ने किया।


विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह को स्मृति चिह्न देते प्रबंधक।

### मानवेंद्र सिंह ने गुलाब सिंह महाविद्यालय में किया पौधरोपण

**राठ (हमीरपुर)।** हमीरपुर रोड़ स्थित गुलाब सिंह सरस्वती महाविद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान उप्र विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह महाविद्यालय परिसर में पौधरापण किया। सभापति ने महाविद्यालय परिसर को देख कर प्रशंसा की। इस दौरान सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक श्याम सुंदर मुखिया ने मानवेंद्र सिंह को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हरिनारायण नगाइच, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य जयवीर सिंह, उपाध्यक्ष केजी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सोनी, शिवरतन विश्वकर्मा, भरत अनुरागी, प्रमोद तोमर, हरिशंकर रावत, राकेश मिश्रा, शक्ति परिहार, जगतराम तिवारी, महेंद्र साहू बीके चौहान समेत अनेक शिक्षक मौजूद रहे।



एनएसएस शिविर के समापन कार्यक्रम पर मौजूद शिक्षक व छात्र-छात्राएं।

### छात्रों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बे के श्री रामकृष्ण परास्नातक महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवायोजना विशेष शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हो गया। जिसमें शिक्षा को लेकर जागरूक किया गया। रामकृष्ण परास्नातक महाविद्यालय में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के विशेष शिविर के समापन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रजापति एवं विशिष्ट अतिथि एनआरएलएम के ट्रेनर डॉ .हनीफ खान रहे। मुख्य अतिथि ने एनएसएस के छात्र छात्राओं को शिक्षा के प्रति जन जागरूकता फैलाने को कहा। वहीं समाज में उन्नति का मार्ग शिक्षा ही आधार है पर अपने शब्दों में पिरोया। डॉ हनीफ ने स्वरोजगार पर बल दिया। कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम डॉ .हेमंत चक्रवर्ती ने संचालन किया। उन्होंने एनएसएस के छात्र-छात्राओं से कहा कि यह एक कार्यक्रम ही नहीं अपितु समाज में स्वमूल्यांकन करने का अवसर भी देता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ .रजनी ने बताया कि इसका उद्देश्य युवा छात्र-छात्राओं को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने का अनुभव प्रदान करता है।

# नौबस्ता घाट में चार दोस्त डूबे, तीन को बचाया, एक का पता नहीं लगा

## खागा के खासमऊ से गए थे गंगा नहाने, गोताखोरों की मदद से पुलिस कर रही तलाश

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गंगा नहाने गए चार दोस्त नदी में डूब गए। चीख पुकार सुनकर घाट पर मौजूद नाविकों ने पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों के मदद से पुलिस ने जाल डालकर गंगा नदी से तीन दोस्तों को बचा लिया। एक युवक का पता नहीं चल पाया है। गोताखोर की टीम उसकी तलाश में जुटी है।

खागा कोतवाली क्षेत्र के खासमऊ गांव के रहने वाले चार दोस्त प्रिंस सिंह पुत्र जसवीर सिंह (16), अनुज सिंह पुत्र उदयवीर सिंह (19), आकाश द्विवेदी पुत्र धर्मचंद (19) और अजय सिंह पुत्र जगत नारायण (19) रविवार सुबह सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के नौबस्ता घाट पर गंगा नदी नहाने गए थे। गंगा नदी में नहाते समय चारों दोस्त गहरे पानी में चले गए। इसी बीच प्रिंस सिंह गहरे पानी में डूबने लगा।जिसको बचाने के लिए तीन दोस्त एक दूसरे की मदद करते हुए पानी में डूब गए। डूबते समय चीख पुकार सुनकर घाट पर मौजूद नाविकों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से नदी में जाल डालकर तीन युवक अनुज सिंह,अजय सिंह और आकाश द्विवेदी को बचा लिया। नदी में डूबे प्रिंस सिंह के तलाश के लिए पुलिस गोताखारों के मदद से तलाश में जुटी रही। पुलिस के सूचना पर मौके पर पहुंचे डूबे युवक के परिजनों का हाल बेहाल है। थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि गंगा नदी में नहाते समय चार दोस्त डूब गए थे। जिसमें तीन युवकों को बचा लिया गया है और एक युवक की तलाश की जा रही है।



गोताखोरों के साथ डूबे किशोर की तलाश करती पुलिस। अमृत विचार

खागा से गंगा नहाने नौबस्ता घाट गए चार किशोर रविवार दोपहर में नदी में डूब गए। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तीन किशोरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं एक किशोर की तलाश की जा रही है। घटना की जानकारी पर परिजनों में चीखपुकार मच गई।

## जंगल में पेड़ से लटकता मिला मजदूर का शव

**फतेहपुर।** अपनी ससुराल में रह रहे मजदूर का शव जंगल में अमरूद के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटकता मिला। परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर जा रहे थे। तभी किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

ललौली थाना क्षेत्र के मुत्तौर निवासी मजदूर प्रेम शंकर (58) करीब 30 साल से अपनी ससुराल थरियांव थाने के हाशिमपुर भेदपुर में रहते थे। वह शराब के लती थे। सुबह सात बजे वह जंगल गए थे। ग्रामीणों ने जंगल में अमरूद के पेड़ पर रस्सी के सहारे फंदे से शव लटकता देख परिजनों को खबर दी। सूचना पाकर पत्नी विमला देवी व बेटी पूनम देवी बेहाल हो गईं। ससुराल वाले अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर जा रहे थे। तभी किसी ने संदेह होने पर पुलिस को सूचना दे दी।

# ईद के लिए सजा कपड़ों का बाजार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- कपड़ों के अलावा अन्य सामग्री खरीदने में जुटे लोग
- रमजान माह का करीब आधा समय बीता, ईद की तैयारी

**अमृत विचार।** रमजान माह के बाद पड़ने वाली ईद को लेकर बाजारों में रौनक आने लगी है। होली के त्योहार के बाद अब रमजान व ईद के लिए बाजार पूरी तरह से सजे हुए हैं। रमजान के करीब बीस दिन पूरे होने के बाद बाजार ईद के लिए सज चुका है। जहां खरीदारों की भीड़ भी विभिन्न सामानों की खरीद करने के लिए जुट रही है। बाजार की भीड़ को देखकर दुकानदारों में भी खुशी दिखाई दे रही है। ईद के लिए दुकानदारों ने पहले से ही तैयारियां पूरी कर ली हैं।

हाल ही में होली का त्योहार समाप्त होने के बाद अब बाजार में ईद की तैयारियों के लिए बाजार सजे दिखाई दे रहे हैं। त्योहार को लेकर जहां दुकानदारों ने स्टाक करना शुरू कर दिया है वहीं बेहतरी की उम्मींदो के चलते बीते साल की अपेक्षा इस बार बेहतर तैयारियां की जा रही हैं। जूता, चप्पल व्यवसाई रईस ने बताया कि इस बार बीते साल की अपेक्षा अधिक आर्डर दिया गया है। गर्मी को देखते हुए पीहू चप्पलों के साथ अन्य का आर्डर बुक कराया है।



शापिंग मॉल में लोगों की भीड़। अमृत विचार

कपड़ा व्यवसाई शुभम का कहना है कि अधिकतर लोग रेडीमेड को महत्व देते हैं फिर भी तैयारियां पूरी की गई हैं। रेडीमेड व्यवसाई पीयूष ने बताया कि ईद के त्योहार को देखते हुए फैंसी कपड़ों का स्टाक अधिक किया गया है। खासकर बच्चों व युवतियों के लिए कढ़ाई वाले कपड़ों का आर्डर दिया गया है। ईद में नए कपड़े पहनने को लेकर टेलर्स की दुकानों में दिन-रात कारीगर काम करने में जुटे हुए हैं। जिससे लोगों को समय पर कपड़ा सिलाई करके दिया जा सके।

# आठ साल की बच्ची के साथ दो बार किया गया दुष्कर्म

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** आठ साल की एक बच्ची को पड़ोसी युवक ने टॉफी दिलाने के बहाने घर ले जाकर दुष्कर्म किया। उसके बाद फिर उसी दिन दोबारा गेंहू के खेत में ले जाकर दुष्कर्म करने के बाद किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घर पहुंची बच्ची ने दर्द बर्दाश्त नहीं कर पाने पर पूरी घटना मां को बताया। बेटी को थाने लेकर मां पहुंची और युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला अपनी बच्ची को लेकर रविवार को पुलिस अधीक्षक आवास पहुंची। प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि बुधवार के दिन वह गाजीपुर कस्बे में सीएचसी पर इलाज कराने गई थी। पति कस्बे में दुकान पर थे। उसकी आठ साल की बच्ची घर पर थी।



- दिन भर पीड़ित पक्ष को थाने में बैठाया, तब एफआईआर
- बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया, अब बयान होगा

गांव के एक युवक आरिफ ने बेटी को टॉफी दिलाने के बहाने अपने घर ले जाकर दोपहर में दुष्कर्म किया। उसके बाद बेटी घर आ गई और शाम को बिना कुछ बताए घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी आरिफ दूसरी बार उसी दिन रात आठ बजे उसे पकड़कर ले गया और गेंहू के खेत में फिर से जबरन दुष्कर्म किया। बेटी ने चीखने की कोशिश की तो आरोपी युवक ने हाथ से मुंह को दबाकर दुष्कर्म कर डाला।

रात में बेटी घर चुपचाप आयी और सो गई। दूसरे दिन सुबह उठने पर बेटी की हालत ठीक नहीं होने पर पूछा तो बेटी ने पूरी घटना की जानकारी दी। देखा तो बेटी के प्राइवेट पार्ट से खून निकल रहा था। बेटी को लेकर थाने गई तो दिन भर थाना में बैठाने के बाद रात में रिपोर्ट दर्ज की। उसके बाद न ही मेडिकल कराया गया और न ही आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। मामले में थाने के उपनिरीक्षक ने बताया, बच्ची से दुष्कर्म के मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी आरिफ की तलाश की जा रही है। बच्ची को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। अब बच्ची का बयान दर्ज होगा।

## तीन ने खाया जहर

**बांदा :** पैलानी थाना क्षेत्र के पैलानी डेरा गांव निवासी माया (30) पत्नी रामनरायन ने शनिवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के पल्हरी गांव निवासी राधा (28) पत्नी पप्पू ने शनिवार की रात घरेलू कलह से तंग आ कर जहरीला पदार्थ खा लिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के धीरज नगर निवासी शिखा (19) पुत्री दिनेश ने रविवार की दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया।

## युवक को पीटा

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के इटाइल गांव में घर के दरवाजे पर बैठे युवक के साथ गालीगलौज करते हुए उसको जमकर मारापीटा। घायलों ने कोतवाली में तहरीर दी है। इटाइल गांव निवासी बृजेंद्र पुत्र हीरालाल ने बताया कि वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा हुआ था। तभी शराब के नशे में धुत भारत, प्रदीप, नीशू और पप्पू ने बेवजह उसके साथ मारपीट कर दी। मारपीट से युवक के शरीर में गंभीर चोटें आईं हैं।

# सी-विजिल ऐप को चुनाव के दौरान बनाएं हथियार

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- शिकायतों को तत्काल किया जाएगा निस्तारण

**अमृत विचार।** लोक सभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता, व्यय संबंधी उलंघनों समेत चुनाव संबंधित विभिन्न शिकायतों के लिए सी-विजिल ऐप लांच किया गया है। जिसमें फोटो, वीडियो व कंटेंट किसी भी रूप में की गई शिकायत का जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी, फ्लाइंग स्क्वॉड या स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि सी-विजिल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाया गया एक मोबाइल ऐप्लिकेशन है। जो स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संचालन में नागरिकों द्वारा निभाई जा सकने वाली सक्रिय व जिम्मेदार भूमिका पर जोर देती है। इसका उपयोग चुनाव की अधिसूचना की तारीख से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघनों की रिपोर्टिंग के लिए किया जा सकता है। इसके जरिए लाइव फोटो, वीडियो और ऐप के भीतर से ऑटो लोकेशन कैप्चर करता है, जिससे फ्लाइंग स्क्वॉयड को त्वरित कार्य करने के लिए डिजिटल साक्ष्य मिलना सुनिश्चित हो सके। बताया कि इस ऐप का उपयोग करके नागरिक राजनीतिक कदाचार की घटनाओं को देखते ही इसकी शिकायत कर सकते हैं। उन्हें रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में नहीं जाना पड़ेगा। शिकायत निस्तारण के के बाद जागरुक नागरिक को सौ मिनट के भीतर स्थिति के बारे में सूचित किया जाता है। सी-विजिल एप का उपयोग केवल आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित मामलों को दर्ज कराने के लिए किया जाना चाहिए।

## सार-संक्षेप

### 50 लीटर कच्ची शराब के साथ अधेड़ गिरफ्तार

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के सिकरोढ़ी गांव में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 50 लीटर अवैध कच्ची महुआ की शराब व बनाने के उपकरण बरामद किया। साथ एक अधेड़ को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए निजी मुचलके में रिहा किया। थाना क्षेत्र के सिकरोढ़ी गांव में एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा अवैध कच्ची महुआ की शराब बनाने व बेचने की सूचना मुखबिर ने थाना पुलिस को दी। मुखबिर की सूचना पर गांव पहुंचे उपनिरीक्षक राकेश कुमार यादव ने दबिस दी तो मौके पर विजय निषाद पुत्र प्रयाग निषाद निवासी सिकरोढ़ी अवैध कच्ची महुआ की शराब बना रहा था। पुलिस ने अवैध कच्ची महुआ की शराब तीन पीपियों में 50 लीटर बरामद की और शराब बनाने के उपकरण बरामद किये। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को निजी मुचलके में रिहा किया।

### लेखपाल के साथ मारपीट का आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

**मौदहा।** तहसील क्षेत्र के टोला गांव में तैनात लेखपाल महेश प्रसाद गुप्ता के साथ गांव में मारपीट करने वाला आरोपी रविवार को भी पुलिस की गिरफ्त से दूर रहा। वहीं लेखपाल संघ के अध्यक्ष व मंत्री सहित प्रतिनिधिमंडल तहसीलदार बलराम गुप्ता से मिले। जिन्हें दो दिन तक प्रतीक्षा करने का तहसीलदार ने आश्वासन दिया। क्षेत्र के टोला गांव में शुक्रवार देर शाम तेज हवाओं और पानी के साथ ओलावृष्टि हुई थी। इसकी पड़ताल करने के लिए शनिवार की सुबह लेखपाल गांव गए थे। जिस पर अधिक क्षति दिखाने का दबाव बनाते हुए शिक्षक रंधावा सिंह जो राजनीतिक दल से संबंधित माना जाता है ने उस पर हाथ उठाकर मारपीट कर दी। लेखपालों में घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त हो गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज की, लेकिन आरोपी गिरफ्तार अभी तक नहीं किया गया। जिससे संगठन के अध्यक्ष सत्य प्रकाश व मंत्री आदित्य द्विवेदी ने तहसीलदार बलराम गुप्ता से मुलाकात कर गिरफ्तारी की मांग की। तहसीलदार ने उन्हें दो दिन तक प्रतीक्षा कर पुलिस का सहयोग करने को कहा है।

### ट्रक की टक्कर से किशोर घायल

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के पत्योरा मार्ग पर जानवर चराकर घर वापस जा रहे किशोर को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे चौकी के आरक्षी ने उसे बाइक से इलाज के लिए सदर अस्पताल भिजवाया है। गांव निवासी राजेंद्र निषाद का पुत्र अंकित (14) जानवरों को चराने के लिए खेत ले गया था। शाम करीब 5 .30 बजे जब वह खेतों से जानवर लेकर वापस आ रहा था। तभी अज्ञात ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर चौकी के दीवान अंजनी कुमार निजी साधन से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### पत्नी को पीटा, दर्ज कराई रिपोर्ट

**सुमेरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या 15 में पति ने पत्नी को अकारण गालीगलौज करके जमकर पीटा। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वार्ड संख्या 15 की निवासी सोनी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उसका पति राहुल अनुरागी उसके साथ आए दिन अकारण गालीगलौज करके जमकर मारपीट करता है। रविवार को उसने बेवजह गाली गलौज करते हुए जमकर पीटा और जान से मार देने की धमकी देकर घर से चला गया। पुलिस ने पति के खिलाफ मारपीट किया मुकदमा दर्ज करके पीड़िता का डॉक्टरी परीक्षण कराया है।

### खेत में लगे सोलर प्लांट के सामान चोरी

**महोबा।** कानपुर- सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सांई कालेज के समीप एक खेत में लगे सोलर प्लांट में लगी केबिल, बैटरी अज्ञात चोर- चोरी कर ले गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। शहर के मोहल्ला मुकेरनपुरा निवासी सलीम ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसने खेत में सोलर प्लांट लगवाया था। बीती रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा सोलर प्लांट की केबिल, बैटरी व अन्य सामान चोरी किया गया। जब वह सुबह खेत पहुंचा तो चोरी की जानकारी हुई।

# चुनाव में लगे अधिकारी अन्ना मवेशी सड़कों पर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- अन्ना मवेशियों से लोगों को नहीं मिल पा रहा छुटकारा

**अमृत विचार।** शासन के निर्देशों के बावजूद अन्ना मवेशियों पर काबू नहीं पाया जा सका। अधिकारी लोकसभा चुनाव के काम में लगे होने की बात कह रहे हैं। वहीं सड़क से लेकर आम जनजीवन तक अन्ना मवेशी मुसीबत बने हुए हैं।

आवारा गोवंशों से किसान रतजगा करने के बावजूद अपनी फसलों को सुरक्षित नहीं कर पा रहे हैं। इतना ही नहीं खेतों से आवारा गोवंशों को भगाते समय भूख से हिंसक हो चुके किसानों पर हमला बोलकर घायल भी कर देते हैं। वहीं आवारा गोवंशों की दिनों दिन हो रही बढ़ोत्तरी से हाई-वे समेत शहर के प्रमुख मार्गो में दिन रात विचरण करने से तेज गति से चले आ रहे वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होकर या तो मौत के मुंह में चले जाते हैं या फिर गंभीर रूप से घायल होकर दिव्यांग होकर दयनीय जीवन जीने को मजबूर हो जाते हैं। शासन ने आवारा गोवंशों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को पंचायत से लेकर नगरीय गोशालाओं में संरक्षित करने के निर्देश दिए थे। लेकिन जिम्मेदारों ने कुछ गोशालाओं में संरक्षण करके बाकी काम छोड़ दिया। इसके चलते आवारा गोवंशों की फौज किसानों से लेकर वाहन चालकों पर हमला बोलकर उन्हें नुकसान पंहुचा रही है। लोगों ने बताया कि अन्ना मवेशियों की समस्या पर नियंत्रण न होना किसानों से लेकर आम लोगों पर भारी पड़ रहा है। शहर में नगर पालिका द्वारा ऐसे मवेशियों को पकड़ कर गौशाला भेजा गया लेकिन फिर उनका विचरण देखा जा रहा है।

## घर का ताला तोड़ जेवर-नकदी चोरी

**फतेहपुर।** चोरों ने रात में एक ट्रक चालक के घर को अपना निशाना बना डाला। सुबह हुई घटना की जानकारी पर हड़कंप मच गया। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह गोपालपुर मोड़ निवासी इमरान शाह ट्रक चालक हैं। वह काम पर और पत्नी नसीमा बेगम दो दिन पहले मायके मलवां थाने के चखेडी गांव गई थीं। पड़ोसियों ने दरवाजे पर लगा ताला टूटा देखकर परिवार को खबर दी। मायके से नसीमा घर पहुंची। नसीमा ने बताया कि दरवाजों में लगे ताले तोड़कर चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर पांच हजार रुपये नगद, करीब एक लाख रूपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर चुरा लिए। चौकी प्रभारी अविनाश मिश्रा ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# बुखार, उल्टी-दस्त के मरीजों से वार्ड फुल

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में बीमारों के इलाज मे बड़ी लापरवाही हो रही है। इस समय मौसम में जो उतार चढ़ाव चल रहा है उससे अस्पताल के वार्ड बीमारों से फुल हो रहे हैं। प्रशिक्षु बीमारों को इंजेक्शन लगा रहे हैं। इस समय वार्डों में सबसे अधिक मरीज मौसमी बीमारियों के हैं। अब बच्चा वार्ड में भी मरीज शिफ्ट किए जा रहे हैं। मौसम इसी तरह से उतार चढ़ाव में रहा तो और भी लोग परेशान होंगे।

हर दिन जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर से लेकर मरीजों की डॉक्टर कक्ष तक भीड़ रहती है। रविवार को छुट्टी होने के चलते इमरजेंसी में मरीज पहुंचे। जिसमें उल्टी, दस्त, बुखार, खांसी, जुकाम के मरीज अस्पताल में इलाज के लिए आ रहे हैं। अस्पताल के वार्ड में जो मरीज भर्ती हैं उनमें भी मौसमी बीमारी के मरीज सबसे ज्यादा हैं। अब जब वार्ड फुल हो गया है तो ऐसे में मरीजों को दूसरे वार्डों में भी शिफ्ट किया जा रहा है। बच्चा वार्ड में भी मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। बता दें कि कार्य दिवस वाले दिन डॉक्टर देर से बैठते हैं ऐसे में बीमारों को इलाज के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक फिजीशियन की ओपीडी में देखने को मिलती है। मरीजों को इंतजार के बाद इलाज मिलता है। हृदय रोग के डॉक्टर ने बताया कि मौसम में जो बदलाव हो रहा है इसके चलते लोग बीमार हो रहे हैं। बीमारो को बचाव के तरीके बताये जा रहे हैं और उन्हें खान पान को लेकर भी समझाया जा रहा है जिससे कि सेहत ठीक हो सके।

- बच्चों के वार्ड में शिफ्ट किए जा रहे बीमार

### बेड पर नहीं बिछायी जाती चादर

अस्पताल में भर्ती मरीज के बेड पर हर रोज चादर बदली जानी चाहिए पर अस्पताल में ऐसा नहीं होता है। अधिकतर वार्डो में चादर बदलने में भी लापरवाही हो रही है। जिम्मेदार इस व्यवस्था को लेकर गंभीर नही हो रहे हैं जिसके चलते अधिकतर बेडों पर चादर बदली नही जाती। ऐसे में मरीज के तीमारदार को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सीएमएस ने बताया कि इस तरह की शिकायत उनके संज्ञान में नहीं है। वह इसको देखेंगे। जहां लापरवाही होगी कार्रवाई की जाएगी।

### ओपीडी में मरीजों की भीड़

मौसम में जो बदलाव है उससे अस्पताल में भीड़ हो रही है। छुट्टी का दिन होने चलते रविवार को इमरजेंसी में दिखाने करीब आधा सैकड़ा से अधिक मरीज पहुंचे। इसमें ज्यादातर मरीज बुखार के शामिल हैं। उन्होंने मरीजों को देखा और बचाव के तरीके बताये।

उपेक्षा का दंश — गर्मी शुरू हो गई, लेकिन व्यवस्था नहीं सुधरी, तीमारदार खरीद रहे पानी

# जिला अस्पताल के पंखे खराब, आरओ प्लांट बना शोपीस

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सदर अस्पताल का गजब हाल है। यहां पर मेंटीनेंस के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। दरअसल ओपीडी की लॉबी हो या वार्ड, यहां टंगे पंखे मरीजों और उनके तीमारदारों को चिढ़ाने का काम कर रहे हैं। इतना ही नहीं अस्पताल की पेयजल व्यवस्था भी पूरी तरह से धड़ाम हो चुकी है। आलम यह है कि महिला अस्पताल के गेट पर बना आरओ प्लांट तीन साल से खराब पड़ा है। जिम्मेदार हर साल इसे ठीक कराने की बात कहते हैं लेकिन गर्मियों में मरीजों को बाहर का पानी ही खरीदकर तीमारदार पिला रहे हैं।

संयुक्त जिला अस्पताल में समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। कभी एक्सरे मशीन खराब हो जाती है तो कभी ओटी में लगी सी आर्म मशीन खराब रहती है। अस्पताल में पानी की स्थाई समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इन समस्याओं को चलते आए दिन मरीज और तीमार दारो को परेशानी उठानी पड़ती है। गर्मी का मौसम शुरू हो गया है लेकिन अस्पताल में पानी की व्यवस्था न होने से मरीज और उनके तीमारदार परेशान हो रहे हैं। कहने को अस्पताल परिसर में सबमर्सिबल लगा है।



शोपीस बना जिला अस्पताल का आरओ प्लांट। अमृत विचार



पंखे न चलने से गर्मी से जूझ रहे मरीज। अमृत विचार

रविवार को आरओ प्लांट से लेकर वार्डों के बाहर लगे वाटर कूलर व अन्य स्थानों पर जो वाटर कूलर लगे हुए हैं वह सभी शोपीस बने हुए थे और मरीजों के तीमारदार बाहर से पानी लेकर आने को मजबूर हो रहे थे। अस्पताल में आए दिन होने वाली अव्यवस्थाओं को लेकर लोगों में काफी नाराजगी भी है उनका कहना है कि उच्चाधिकारियों को मरीजों के हित में अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधारनी चाहिए। कई दिनों से पानी की समस्या जिला अस्पताल में गंभीर हो रही है लेकिन अस्पताल प्रशासन इसका निदान नहीं कर पा रहा है।

इस संबंध में सीएमएस डॉ पीके सिंह का कहना है कि आरओ प्लांट में कुछ कमी आ गई थी टेक्नीशियन को बुलाया था जो ठीक नहीं कर पाया दूसरे इंजीनियर को बुलाया गया है।

### वार्डों के अधिकतर पंखे चलते नहीं

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। बदलते मौसम के बीच लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में सुबह होते ही तीमारदार मरीजों को लेकर जिला अस्पताल का रुख करने लगते हैं। आलम यह है कि सुबह के नौ बजते-बजते यहां पंजीकरण खिड़कियां डॉक्टरों के रूम और इमरजेंसी वार्ड पर मरीजों की लंबी लाइनें लग जाती है। ओपीडी में डॉक्टर को दिखाने के लिए मरीज जल्दी-जल्दी अपना पंजीकरण करवाकर ओपीडी की लाबी पर पहुंचते हैं और डॉक्टरों के आने का इंतजार करते हैं। उधर वार्डों में भर्ती मरीज भी बिना पंखे के रहने को मजबूर हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक और कठपुतली कार्यक्रम करें

## बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने कठपुतली कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक आयोजित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर दिया जोर देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित लोकसभा चुनाव से संबंधित बैठक में मौजूद जिले की जांच, माधोगढ़, कालपी, उरई तथा जालौन नगर पालिका और कदौरा, एट, कोटरा, उमरी, रामपुरासमेट सभी नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को हर गांव, कस्बों और शहरों के चौराहों में नुक्कड़ नाटक और कठपुतली कार्यक्रम के जरिए मतदाताओं को जागरूक करें। जिससे ग्रामीणों का मनोरंजन भी होगा और उन्हें अपने वोट की कीमत का पता चलेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वृद्ध और विकलांग मतदाताओं की सुविधा अनुकूल प्रस्तावित सभी तैयारियां पहले से पूरी कर ली जाएं, उन्होंने सभी बूथ पर छाया, पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को बीएलओ के माध्यम से मतदान बढ़ाने से संबंधित कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव भी मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय व अन्य।

**संदिग्धों पर कार्रवाई, 50 प्रतिशत जमा हो गए शस्त्र :** संवाददाता कालपी (जालौन) अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव को निर्भीक एवं शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पुलिस प्रशासन के द्वारा पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। संदिग्ध आचरण के व्यक्तियों पर कार्रवाई करने के लिए सूचीबद्ध करने तथा शस्त्रों को जमा करने के लिए विभाग गतिशीलता से लगा हुआ है।

कालपी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत 66 गांव है तथा 60 पोलिंग स्टेशन हैं। अलग-अलग स्थापित 105 पोलिंग बूथों में मतदान कराये जाएंगे। जिन ग्रामों में पूर्व में पार्टीबन्दी या राजनीतिक विवाद हुए हैं, उन ग्रामों पर पुलिस एवं प्रशासन नजर बनाए हुए हैं। संदिग्ध अवस्था के करीब 4 हजार लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करके पाबंद करने की योजना है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद, अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश सिंह चुनावी तैयारी में जुटे हुए हैं। इसके अलावा ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह, टरननगंज चौकी इंचार्ज अभिलाख सिंह, रामगंज चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार, महमूदपुरा चौकी इंचार्ज संतोष शुक्ला, अमर सिंह, वसीम अहमद अपने-अपने क्षेत्र व इलाकों में चुनावी तैयारी करने में जुटे हुए हैं। कालपी कोतवाली क्षेत्र में लगभग 850 लाइसेंसधारक है। जिनमें तीन दर्जन लाइसेंसधारक बाहर रह रहे हैं। चुनाव की वजह से लाइसेंस धारक अपने-अपने असलहों को जमा करा रहे हैं। अब तक 50 फीसदी जमा भी हो चुके हैं।


सनाढ्य समाज के होली मिलन समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

# समाज को एकजुटता के सूत्र में बांधना होगा

संवाददाता कोंच (जालौन)

- कोंच में हुआ सनाढ्य सभा का होली मिलन समारोह

**अमृत विचार।** नगर के नया पटेल नगर में सनाढ्य सभा का होली मिलन समारोह धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ।

इसमें समाज में शिक्षा, राजनीतिक भागीदारी एवं सामाजिक सम्मान पर चर्चा की गई। शनिवार को रामकुंड कॉलोनी स्थित सनाढ्य भवन पर ब्राह्मण समाज के लोग एकत्रित हुए जहां पर सनाढ्य सभा के तत्वावधान में सभा के अध्यक्ष महेश तिवारी ने भगवान परशुराम के चित्र पर फूल-माला एवं रंग-गुलाल लगाया, जिसके बाद सभी ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिले तथा एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। इसमें बोलते हुए सभा के महामंत्री गणेश प्रसाद बुधौलिया ने कहा कि हमें समाज को एकजुटता के सूत्र में बांधना होगा, समाज के युवाओं को राजनीति, शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाकर उन्हें आगे बढ़ाना होगा। इस दौरान अखिल वैद, प्रिया शरण नगाइच, कैलाश मिश्रा, मनीष मिश्रा, दिविश शुक्ला, पप्पू मिश्रा, रामजी मिश्रा आदि मौजूद थे।

# नहीं रुक रही मौरंग की ओवर लोडिंग

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** क्षेत्र में मौरंग की ओवर लोडिंग रूकने का नाम नहीं ले रही। लोगों ने आरोप लगाया है कि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी की मिली भगत से ट्रक और डंपर चालक ओवर लोडिंग करते हैं। इसके चलते प्रतिदिन सड़कों पर सैकड़ों की संख्या ओवरलोडिंग ट्रक फर्राटा भरते हुए देखे जा रहे हैं।

लोकसभा चुनाव नजदीक होने के कारण आला अधिकारी तो चुनाव में व्यस्त हैं। वहीं ओवरलोड की लोकेशन देने वाले व्यस्त हैं। वहीं आरटीओ प्रवर्तन दल सुस्ती साधे नजर आ रहे है। यही कारण है कि एआरटीओ प्रवर्तन दल के संरक्षण में लोकेशन माफिया फलीभूत होते दिखाई दे रहे हैं। लोगों का आरोप है कि एआरटीओ अपने चालकों व गार्डों के माध्यम से अपनी खुद लोकेशन दिलवाये जाने का काम करते हैं। जबकि हर दिन सैकड़ों की संख्या ओवरलोडिंग ट्रक सड़कों पर दौड़ रहे हैं फिर भी एआरटीओ को ओवरलोडिंग ट्रक नजर ही नहीं आते हैं। लोगों का कहना है कि आखिर ऐसी कौन सी वजह है कि एसडीएम जालौन व एसडीएम कालपी के द्वारा ओवरलोडिंग ट्रकों पर तो कार्रवाई की जाती है लेकिन एआरटीओ प्रवर्तन दल कार्रवाई नहीं कर पा रहा।


ओवरलोड मौरंग लेकर जाते ट्रक व डंपर। अमृत विचार

- विभाग पर लगाया मिली भगत करने का आरोप

# शीतला अष्टमी 2 अप्रैल को खाया जाएगा बासी खाना

कार्यालय संवाददाता उरई

- बुंदेलखंड में बासी भोजन खाने की है परंपरा

**अमृत विचार।** शीतला अष्टमी 2 अप्रैल को मनाई जाएगी। इस दिन बुंदेलखंड में बासी भोजन खाने की परंपरा है। अखिल भारतीय सनातन धर्म रक्षिणी सेवा समित के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित संजय रावत शास्त्री ने बताया कि शीतला अष्टमी के दिन बुंदेलखंड के सभी घरों में एक दिन पहले का बना बासी भोजन खाने की परंपरा है। मान्यता के अनुसार एक बार देवलोक से सीतला माता हाथ में चने की दल लेकर राजा विराट के राज्य में रहने के लिए आई थीं जिसपर राजा विराट ने शीतला माता को अपने राज्य में रहने से मना कर दिया, जिससे शीतला माता क्रोधित हो गईं और शीतला माता के श्राप से राजा विराट के राज्य के निवासियों के लाललाल चकत्ते पड़ गए, जिसे चेचक के रूप में पहचाना गया। राजा विराट राज्य के लोग इस कदर लाल चकत्तो और भीषण दर्द से परेशान हो गए कि घर में बना खाना तक नहीं खाया, दूसरे दिन जब राजा विराट को पता चला कि शीतला माता के श्राप से बीमारी फैली है, तो राजा ने माता शीतला की आराधना पूजा अर्चना की, और माफ करने की प्रार्थना की। तब माता शीतला प्रसन्न हुई और श्राप से मुक्ति का वरदान दिया। तब से पूरे राज्य में एक दिन पहले का रखा बासी खाना खाया जाता है।


घायल दंपति। अमृत विचार

# दंपति के साथ लाठी डंडों से की मारपीट

**उरई, जालौन ।** किसान दंपति के साथ दबंग ने लाठी-डंडों से मारपीट की। कैलिया थाना अंतर्गत ग्राम सींगपुरा निवासी बंटी दोहरे शुक्रवार की शाम घर लौट रहा था, तभी रास्ते में उसके ही परिवार के रामकेश ने उसे रोका और गेहूं की फसल को नहीं काटने की बात को लेकर विवाद करते हुए गाली-गलौच कर लाठियों से मारा। मौके पर बचाने पहुंची पीड़ित की पत्नी राखी को भी उसने पीटा।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार मां-बेटी घायल

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** कालपी कोतवाली क्षेत्र के उसरगांव हाइवे मंव मोटर साइकिल दुर्घटनाग्रस्त होने पर उसमें सवार महिला तथा पुत्री घायल हो गए। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार उरई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रगेदा निवासी करन सिंह मोटरसाइकिल में पत्नी पिंकी तथा पुत्री काव्य को बैठाकर अपने रिश्तेदारी में कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुटरा जा रहा था। उसरगांव राष्ट्रीय राजमार्ग में अटल बिहारी इंटर कॉलेज के सामने अचानक बाइक का शाकर टूटने से मोटर साइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बाइक में बैठी 30 वर्षीय पिंकी तथा 10 वर्षीय काव्या घायल हो गईं। एम्बुलेंस के माध्यम से घायल पत्नी तथा पुत्री को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। चिकित्साधिकारी डॉ. शेख शहरयार ने दोनों घायलों का इलाज करके मेडिकल कॉलेज उरई के लिए रेफर कर दिया।




# विषाक्त पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ी

**कालपी(जालौन)।** विषाक्त पदार्थ का सेवन करने से 16 वर्षीय युवक अचेत होकर बेहोश हो गया। बेहोशी की हालत में युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

कानपुर नगर निवासी 16 वर्षीय बबलू पुत्र जयराम अपनी रिश्तेदारी में कालपी आया हुआ था। बबलू ने किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। हालत खराब होने पर बेहोशी की अवस्था में बबलू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बबलू को जिला चिकित्सालय उरई के लिए रेफर कर दिया।

# मिट्टी के ऊपर बिछा रहे इंटर लॉकिंग

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

- ग्रामीणों ने घटिया सामग्री के इस्तेमाल का लगाया आरोप
- जांच नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार।** विकास खंड माधौगढ़ के ग्राम पंचायत सिहारी के जूनियर हाईस्कूल परिसर में इंटर लॉकिंग निर्माण का कार्य कराया जा रहा। इसमें न तो जमीन में गिट्टी डाली गई और न ही डस्ट डाली जा रही है, बिना गिट्टी व डस्ट के सीधे मिट्टी के ऊपर इंटर लॉकिंग निर्माण कराया जा रहा जो पूरी तरह से मानक विहीन।

गांव के रिंकू महेश, छोटे, मुन्ना सहित कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण ठेकेदार बिना मानकों के काम करवा रहा है। आरोप है कि ठेकेदार व सचिव की मिली भगत से घटिया निर्माण कार्य कराया जा रहा।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से ऐसे निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की है। ग्राम पंचायत सिहारी में जो भी निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं वह गुणवत्ता विहीन, मानक विहीन हैं। ग्रामीणों ने जांच नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।


जूनियर हाईस्कूल परिसर में इंटर लॉकिंग का किया जा रहा काम। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### डीएवी कॉलेज में शिक्षक को दी विदाई

**उरई।** डीएवी इंटर कॉलेज उरई में भौतिक विज्ञान के वरिष्ठ प्रवक्ता रणवीर सिंह यादव की सेवानिवृत पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में उनके कार्यकाल के यादगार लम्हों को साझा कर कार्यकाल की प्रशंसा की गई। शिक्षक रणवीर सिंह यादव अपने संबोधन के दौरान भावुक हो गए। उन्होंने ने विद्यालय प्रबंध समिति और सहयोगी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।


शिक्षक को विदाई देते स्टाफ के लोग। अमृत विचार


सपा कार्यकारिणी के पदाधिकारी। अमृत विचार

### सपा विधानसभा अध्यक्ष ने उरई कमेटी का किया विस्तार

**उरई (जालौन)।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष वेदप्रकाश यादव ने अपनी कार्यकारिणी का रविवार को विस्तार कर नये पदाधिकारियों को सपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार-प्रसार कर मजबूती के साथ संगठन में काम करने का भरोसा जताया है। रविवार को समाजवादी पार्टी के विधानसभा उरई के अध्यक्ष वेदप्रकाश यादव ने विधानसभा इकाई का विस्तार करते हुए दलजीत यादव, लक्ष्मी श्रीवास को विधानसभा उपाध्यक्ष उरई नियुक्त किया है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों पर भरोसा जताया है कि वह संगठन के लिए समर्पित होकर लोकसभा प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार को जिताने का काम करेंगे जिससे सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत किया जा सकें।

### मृत्युभोज की जगह लगवाया चिकित्सा व रक्तदान शिविर

**उरई, जालौन।** उरई तहसील के ग्राम गढ़र में वरिष्ठ पत्रकार नीरज पटेल की मां सरला देवी की तेंहरवीं को स्मृति दिवस के रूप में मनाकर मृत्युभोज की जगह चिकित्सा और रक्तदान शिविर लगाकर समाज में नई मिशाल पेश की। मेडिकल कॉलेज उरई व सीएचसी डकोर के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 265 मरीजों ने जांच करवाकर दवा ली। 15 लोगों ने रक्तदान किया। स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपभोक्ता फोरम के जज विनोद कटियार, संयुक्त निदेशक पंचायत आरएस चौधरी, रिटा. संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा भगवत पटेल, डिप्टी डायरेक्टर समाज कल्याण जेराम, डिप्टी डायरेक्टर कृषि एसके उत्तम, जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार, रिटा. जॉइंट सेक्रेटरी ओम नारायण अहिरवार ने मृत्यु भोज को अभिशाप बताते हुए इसके खात्मे की बात कही। मेडिकल कैंप में डॉक्टर केके गुप्ता, डॉ. केएन सिंह, मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ. प्रशान्त निरंजन, डॉ. शैलेंद्र, डॉ. शैलेष वर्मा, डॉ रविंद्र राजपूत मौजूद रहे। इस दौरान मेडिकल कॉलेज की टीम में डॉ. रतीभान, डॉ. अरबाज, डॉ सुनीता, डॉक्टर ट्विंकल वर्मा, डॉ रामेंद्र, डॉ नवनीत डॉ अभिषेक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डकोर की टीम से दिलीप कुमार, डॉक्टर अंकित गुप्ता, डॉ. रश्मि गुप्ता, डॉ. विनोद निराला, डॉ. आराधना, एएनएम पूनम राज मौजूद रहे। हमीरपुर से आई बुंदेलखंड रक्तदान समिति के सदस्यों ने ब्लड डोनेट कराया। इस दौरान टीम बदलाव के सदस्यों में अतुल अहिरवार, श्रवण कुमार,आलोक निरंजन, महेंद्र भाटिया,प्रवेश निरंजन,रविंद्र चौधरी,शैलेन्द्र प्रताप सिंह,प्रदीप निरंजन,रंजीत सिंह,कपिल गुमावली,रविंद्र गौतम, प्रदीप महतवानी, विक्की परिहार,, आदि के साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

### ओवरलोड ट्रक किया सीज

**उरई।** जालौन एसडीएम और कुठौंद पुलिस ने ओवर लोडिंग के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की। एसडीएम अतुल कुमार ने अखबारों में ओवर लोडिंग से संबंधित प्रकाशित खबरों पर संज्ञान लिया और रविवार को जालौन की मौरंग खदानों से लेकर औरैया इटावा तथा कन्नौज की ओर जाने वाले ट्रेकों की चेकिंग की। कुठौंद थाना के सामने से गुजरने वाले दर्जनों ट्रक की चेकिंग की। इसमें मानक से अधिक एक ओवरलोड ट्रक को पकड़ा, जिसके आगे व पीछे नम्बर प्लेट में बीच के नंबर मिटाकर मौरम का परिवहन किया जा रहा था, मौरंग परिवहन के कोई अभिलेख नहीं पाए गए, जिससे उक्त ट्रक को सीज कर दिया गया।

### होली मिलन समारोह मनाया

**माधौगढ़ जालौन।** मधौगढ नगर में चितौरा रोड बस स्टैंड के पास प्रेम नारायण याज्ञिक के आवास पर याज्ञिक समाज का होली मिलन समारोह मनाया गया। इसमें समाज के संभ्रांत व्यक्ति की मौजूदगी रही। वेद प्रकाश यज्ञिक ने कहा कि शिक्षा बहुत जरूरी है, बच्चों को शिक्षा के लिए मां-बाप कितनी भी मेहनत करें लेकिन बच्चों को पढ़ाएं। पूर्व नगर अध्यक्ष अखिलेश कुमार साविता ने बताया कि सबसे पहले बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना चाहिए, बच्चों को पढ़ाने में कभी कंजूसी नहीं करनी चाहिए। इस दौरान पवन याज्ञिक, कृष्ण कुमार धमना, सोबरन यज्ञिक, सुरेंद्र यज्ञिक, विनय कुमार यज्ञिक, राजकुमार आदि मौजूद थे।

### भक्ति, ज्ञान, वैराग्य का मार्ग दिखाती है भागवत कथा

**माधौगढ (जालौन)।** श्रीदुर्गा माता मन्दिर ग्राम पंचायत कुटरा के समस्त भक्तजनों के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक पंडित सर्वेश दीक्षित द्वारा द्रौपदी का चीर हरण की कथा का वर्णन किया गया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि भागवत कथा भक्ति, ज्ञान, वैराग्य का मार्ग दिखाती है। उन्होंने अमर कथा के बारे में बताते हुए कहा शंकरजी ने पार्वती जी को जो अमर कथा सुनाई उस दौरान शिव-पार्वती के अलावा एक तोते का अंडा वहां रखा था, कथा के प्रभाव से अंडा फूट गया उसमें से श्री सुखदेव जी का प्राकट्य हुआ। कथा सुनते सुनते पार्वती जी सो गईं वह पूरी कथा श्री सुखदेव जी ने सुनी।

**प्रतिभाओं का सम्मान** — मॉर्निंग स्टार सीनियर सेकेंडरी एकेडमी में विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

# स्वभाव से उदार एवं अनुशासन के प्रति दृढ़ रहें अभिभावक

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

- कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को दिया गया वार्षिक परीक्षा का रिपोर्ट कार्ड

**अमृत विचार।** मॉर्निंग स्टार सीनियर सेकेंडरी एकेडमी के प्रांगण में वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल की प्रबंधक अर्चना सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम शुरू किया गया। प्रबंधक द्वारा स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 1 ब के छात्र कार्तिकेय वर्मा को दिया गया। जूनियर विंग से कक्षा 6 ब के छात्र सिद्धान्त तिवारी ने भी शत प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्रमाण पत्र, शील्ड, के साथ सम्मान को हासिल किया। सीनियर विंग में कक्षा 9 की छात्रा नेहल गुप्ता ने 98.17 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रमाण पत्र, शील्ड, के साथ सम्मान हासिल कर विद्यालय, शिक्षकों व माता-पिता को गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश सिंह ने अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए बच्चों के प्रति उदारता एवं अनुशासन के प्रति दृढ़ रहने का पाठ सिखाया व अपनी कर्तव्य निष्ठा पर अडिग रहने की बात कही। ग्रुप प्री-प्राइमरी ने कक्षा पीजी में आद्रिका चन्द्रा ने प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान सिद्धार्थ ने तृतीय स्थान काव्या वर्मा ने प्राप्त किया। एलकेजी से सिया पटेल, मान्या, भाव्या, अभिमन्यु ने प्रथम स्थान आरव, वेदांश ने द्वितीय स्थान अवि, विबुद्ध, भानवी ने तृतीय स्थान को प्राप्त किया। यू. केजी कक्षा से अभिराज, आकृति ने प्रथम स्थान, अनिकेत राजविका ने द्वितीय स्थान हर्षी, वरदान ने तृतीय स्थान व कक्षा प्रथम की छात्रा मान्या गुप्ता व छात्र कार्तिकेय वर्मा ने प्रथम स्थान ज्ञानिष्ठा चन्द्रा व अनय शिवहरे ने द्वितीय स्थान तथा आरव शुक्ला, अर्नव राठौर ने तृतीय स्थान और कक्षा द्वितीय अ व ब से आदित्य, विक्रम व सानिध्य मेहर ने प्रथम स्थान अक्षराज, भाव्या भदौरिया ने द्वितीय स्थान अर्नव, पार्थ ने तृतीय स्थान, कक्षा तृतीय में कनिष्क वर्मा, अवनी गुप्ता ने प्रथम स्थान रिषा गुर्जर, प्रियांश गुप्ता ने द्वितीय स्थान आयुष वर्मा, अभ्यांश, अब्दुल्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चतुर्थ से राज यादव, राघव राजपूत ने प्रथम स्थान उत्कर्ष राजपूत, पारूल यादव ने द्वितीय स्थान मृत्युन्जय शर्मा, सुयश शिवहरे, कीर्तिकरन ने तृतीय स्थान, कक्षा पंचम में निमित साहू, शिवन्या पटेल प्रथम स्थान अनिका निरंजन, अभिराज अग्रवाल ने द्वितीय स्थान ऐन्जेल्ना उमर, सानिध्य अग्रवाल ने तृतीय स्थान कक्षा षष्ठ से विश्वजीत, सिद्धान्त तिवारी, ने प्रथम स्थान शिवान्या पाठक, आयुष सिंह ने द्वितीय स्थान नव्या चौहान, वेदान्त सिंह, अभिनव राजावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-सप्तम, से आरव गुप्ता, प्रिंस यादव, ने प्रथम स्थान अंजली यादव, तनिष्क गहोई ने द्वितीय स्थान अनन्त गुप्ता, यशी गुप्ता ने तृतीय स्थान कक्षा अष्टम, से यश चौहान ईशांक गुप्ता ने प्रथम स्थान ईशिका गुप्ता अनुभव सिंह ने द्वितीय स्थान मान्या पटेल, अक्षय मिश्रा ने तृतीय स्थान कक्षा-नवम, से नेहल गुप्ता, शाश्वत प्रजापति, कृष्णा गुप्ता, हिमांशी प्रजापति ने प्रथम स्थान आरना, सक्षम, वेदान्त, तनु मिश्रा ने द्वितीय स्थान नव्या, यनन्जय, आरव, शिप्रा सोनी ने तृतीय स्थान कक्षा-एकादश, से कृतिका, सुरभि, आदित्य चन्द्रा, किशन भारद्वाज ने प्रथम स्थान हर्षिता, सृष्टि, अरिना, कृष्णा सोनकिया ने द्वितीय स्थान रोशनी, नम्रता, मोहनी, शरद गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य बच्चों को भी सान्त्वना पुरुस्कार के साथ प्रगति पत्र वितरण किया गया। सभी बच्चों के चेहरे परीक्षा परिणाम के साथ ही चमक उठे तथा अभिभावकों ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की व्यवस्थायें संतोष, जोगेन्द्र, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, दीपक, श्याम, प्रवीण सिंह, शिवम,मयंक, हर्षेन्द्र, हेमन्त,लोकेन्द्र राजपूत, लोकेन्द्र दयालु, मानवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मॉर्निंग स्टार सीनियर सेकेंडरी एकेडमी के विद्यार्थी व स्टाफ। अमृत विचार



सोशल वेलफेयर स्कूल में बच्चों को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

# विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** सोशल वेलफेयर इंग्लिश व हिन्दी मीडियम के छात्र व छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड वितरित किया गया तथा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें सम्मानित किया गया। रविवार दोपहर सोशल वेलफेयर इंग्लिश व हिन्दी मीडियम विद्यालय में परीक्षा वितरण समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार हरिश्चन्द्र दीक्षित व प्रेस क्लब के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र मिश्रा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। पीजी की फाइजा प्रथम, अनाया फातिमा द्वितीय व आरोही को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सृष्टी, यश, हसनैन, रणवीर, आलिया, तूबा, जिया, अनस खान, जरा फातिमा को मैडल पहनाकर सम्मानित किया। वहीं दूसरी ओर हिन्दी मीडियम हसनैन, वंशिका, देव, शिकायत, अनान्या, अंकुश शुक्ला, हर्षित को सम्मानित किया गया। इस दौरान दिव्य गोपाल श्रीवास्तव, पुष्पलता तिवारी, फखरूद्दीन, राकेश ओमरे, बाबी शहनाज, प्रखर गोपाल श्रीवास्तव, अनुराग वर्मा, हिमानी, सायफी, सेल सोनकर, जया तिवारी, स्नेहा पाण्डेय, रूखसार आदि मौजूद थे।

